

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

TITLE CODE :UPHIN49919

# दैनिक समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 01 अंकः 287 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 25 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेजः 12 मूल्य 05 रुपया

## सुबह हुई मारपीट, शाम को मारी युवक को गोली, मौत

*-कटोरा उड़ा चोर सावित कर जुमार्ना को किया मांग, नहीं देने पर गोली मार किया हत्या*
*-पीएचसी में आक्रोशित लोगों ने पुलिस के साथ किया धक्का मुक्की*



*फोटोः-1अस्पताल में लगी भीड़ 2 रोते बिलखते स्वजन 3-सड़क जाम करते लोग*

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):- वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के झौर गांव में दो सप्ताह पूर्व घटी चोरी की घटना के बाद वयाप्त तनाव ग्रामीण युवक अनिल तांती की गोलीमार कर हत्या तक पहुंच गई है। रविवार की सुबह दोनों पक्षो के बीच पहले जमकर मारपीट की घटना घटी। घटना में दोनों पक्षो के करीब आधा लोग जख्मी होकर अभी इलाजरत है। इस बीच उक्त शाम ही साढ़े पांच बजे के करीब दूसरे पक्ष के दर्जनभर लोग जमात जोड़कर चोरी का आरोपी विद्या तांती के घर को घेर लिया। बताया गया कि विद्या का भतीजा स्व.सुरेंद्र तांती का पुत्र 24 वर्षीय अनिल तांती भीड़ देखने के उद्देश्य से घर की छत से बाहर देखने गया। इसी बीच भीड़ से निकली गोली अनिल के सीने में लग गई। वह वही ढेर हो गया। स्वजनों द्वारा आनन फानन में जख्मी को इलाज को ले बाइक से वारसलीगंज पीएचसी लाया। जहां चिकित्सक देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवा पुत्र की मौत की खबर सुन झौर तांती टोला के दर्जनों लोग अस्पताल पहुंच गए। इस बीच स्थानीय पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देखते ही मृतक के आक्रोशित स्वजनों ने कहा कि घटना पुलिस की शिथिलता का परिणाम है। इतना कह युवक के शव को पुलिस से धक्का मुक्की कर साथ लेकर गांव चले गए।

-झौर गांव के पास किया सड़क जामः- अनिल तांती की मौत की खबर से आक्रोशित हुए तांती टोला के लोग शव को लेकर झौर गांव के समीप वारिसलीगंज कतरपुर पथ पर शव को रख आवागमन अवरुद्ध कर दिया। जाम कर रहे लोगो का आरोप है कि पुलिस को 10 दिनों पूर्व तनाव की सूचना दी गई थी बाबजूद शिथिल रही। फलतः मामला मारपीट से लेकर गोली मार कर हत्या तक पहुंच गई। -10 जुलाई को हुई थी भुटाली महतो के घर चोरी की घटनाः- पिछले 10 जुलाई की रात झौर ग्रामीण भुटाली महतो के घर चोरी की घटना घटी थी। इस बीच श्री महतो द्वारा ओझा मंगवाकर कटोरा उड़ाया गया। ओझा के कटोरा के अनुसार ग्रामीण विद्या तांती पर चोरी का आरोप लगा। साथ ही तांती पर चार लाख जुमार्ना लगा 48 घंटे में भुगतान करने की मांग की गई थी। रविवार की सुबह जुमार्ना की राशि मांग करते हुए मारपीट की घटना घटी। जबकि शाम को युवक अनिल को गोली मार हत्या की गई। संवाद प्रेषण तक झौर गांव के समीप सड़क जाम था।

# आजादी के 75 साल बाद अब हिंदी में होगी MBBS की पढ़ाई

**मध्य प्रदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स के लिए राज्य सरकार ने नई कवायद शुरू की है. अब यहां के मेडिकल के छात्र अंग्रेजी के साथ हिंदी में भी एमबीबीएस की पढ़ाई कर सकेंगे. इसके लिए सरकार ने पूरी तैयारी कर ली है.**

देश में सबसे ज्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषा हिंदी आजादी के 75 साल बाद मध्य प्रदेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की पढ़ाई का वैकल्पिक माध्यम बनने जा रही है. इस सिलसिले में लंबे समय से चल रही महत्वाकांक्षी कवायद सितंबर के आखिर में शुरू होने वाले नए अकादमिक सत्र में अपने मुकाम पर पहुंच सकती है. राज्य के चिकित्सा शिक्षा विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी.





### छात्रों को मिलेगा विकल्प

अधिकारी ने बताया कि नए अकादमिक सत्र में देश के प्रमुख हिंदीभाषी राज्य में निजी और सरकारी चिकित्सा महाविद्यालयों के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के कुल 4,000 विद्यार्थियों को अंग्रेजी के साथ ही हिन्दी की किताबों से भी पढ़ाई का विकल्प मिल सकता है. संबंधित समिति के सदस्य और फिजियोलॉजी के पूर्व सह प्राध्यापक डॉ. मनोहर भंडारी ने बताया कि राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों के एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले 60 से 70 प्रतिशत विद्यार्थी हिन्दी माध्यम के होते हैं और अंग्रेजी की किताबों के कारण उन्हें सबसे ज्यादा समस्या प्रथम वर्ष में ही होती है.

### किताबों का किया जा रहा अनुवाद

इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार एमबीबीएस प्रथम वर्ष के लिए अंग्रेजी के तीन स्थापित लेखकों की पहले से चल रहीं किताबों को हिन्दी में ढालने का काम पूरा करने की ओर बढ़ रही है. ये पुस्तकें नए सत्र में विद्यार्थियों के हाथों में पहुंचकर चिकित्सा शिक्षा की सूरत बदल सकती है.

### 55 विशेषज्ञों की ली जा रही मदद

अधिकारी ने बताया कि निजी प्रकाशकों की ये किताबें शरीर रचना विज्ञान (एनाटॉमी), शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियोलॉजी) और जैव रसायन विज्ञान (बायोकेमिस्ट्री) विषयों से संबंधित हैं, जिन्हें बड़े पैमाने पर छापकर विद्यार्थियों तक पहुंचाने से पहले 55 विशेषज्ञ शिक्षकों की मदद से अलग-अलग स्तरों पर जांचा जा रहा है. उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में मेडिकल की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम में भी पहले की तरह जारी रहेगी. हालांकि शिक्षकों से अपील की गई है कि वे खासकर एमबीबीएस पाठ्यक्रम की कक्षाओं में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दें.

### इंग्लिश के शब्दों का भी होगा इस्तेमाल

अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय परीक्षार्थियों को हिंग्लिश (हिन्दी और अंग्रेजी का मिला-जुला स्वरूप) में लिखित परीक्षा, प्रायोगिक परीक्षा और मौखिक परीक्षा (वाइवा) देने का विकल्प काफी पहले ही प्रदान कर चुका है, जिसके उत्साहजनक नतीजे प्राप्त हुए हैं. चिकित्सा शिक्षा के लिए हिंदी पुस्तकें तैयार करने के सरकारी कार्यक्रम से जुड़े एक जानकार ने कहा कि इन किताबों को अंग्रेजी से हिन्दी में ढालते वक्त हमने खास ध्यान रखा है कि पढ़ाई-लिखाई और पेशेवर जगत में मूलतः अंग्रेजी में ही इस्तेमाल होने वाली तकनीकी शब्दावली के बेवजह हिंदी अनुवाद से बचा जाए ताकि विद्यार्थियों को अहम शब्दों के बारे में कोई भ्रम न रहे.

### सीएम ने की थी घोषणा

उन्होंने मिसाल के तौर पर बताया कि हिन्दी माध्यम की किताबों में 'ओस्मोलेरिटी' को 'परासारिता' लिखने की बजाय 'ओस्मोलेरिटी' ही लिखा गया है. इसी तरह ब्लड प्रेशर को रक्तचाप लिखने की बजाय ब्लड प्रेशर ही रहने दिया गया है. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 26 जनवरी को इंदौर में गणतंत्र दिवस समारोह में घोषणा की थी कि राज्य में मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में भी कराई जाएगी, ताकि अंग्रेजी न जानने वाले प्रतिभावान विद्यार्थी भी डॉक्टर बनकर जीवन में आगे बढ़ सकें. इसके बाद राज्य के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के फैसले के मुताबिक सात फरवरी को एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई थी.

### हिंदी मीडियम के छात्रों का सपना होगा पूरा

समिति के सदस्य और फिजियोलॉजी के पूर्व सह प्राध्यापक भंडारी ने कहा कि राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों के एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले 60 से 70 प्रतिशत विद्यार्थी हिंदी माध्यम के होते हैं और अंग्रेजी की मोटी-मोटी किताबों के कारण उन्हें सबसे ज्यादा दिक्कत प्रथम वर्ष में ही होती है. वर्ष 1992 में हिंदी में शोध प्रबंध (थीसिस) लिखकर एमडी (फिजियोलॉजी) की उपाधि प्राप्त करने वाले भंडारी ने कहा कि मातृभाषा की नई किताबों की मदद से हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए डॉक्टर बनने का सपना पूरा करना अब और आसान हो जाएगा.

## केजरीवाल सरकार द्वारा आयोजित वन महोत्सव में 1लाख पेड़ों का वृक्षारोपण

( हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दक्षिणी दिल्ली को हरित क्षेत्र में बदलने के लिए केजरीवाल सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं 15 दिवसीय वन महोत्सव में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने भाटी माइंस के असोला वन क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण किया ।जिसमें प्रमुख रुप से सांसद रमेश बिधूडी ने भी वृक्षारोपण किया। इस मौके पर एक लाख से अधिक पौधे लगाए गए।


असोला वन क्षेत्र मैं इस वृक्षारोपण में सशस्त्र सेना बल एवं सिविल डिफेंस ने अपने अपने ग्रुप में वृक्षारोपण किया। इसमें कई स्कूलों के बच्चों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी भाग लिया ।इस मौके पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि सभी एजेंसियां हरित दिल्ली बनाने और प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। हम सभी को वन महोत्सव में शामिल होकर दिल्ली को हरित दिल्ली बनाने के लिए कम से कम एक वृक्ष लगाना होगा ।इससे दिल्ली में लाखों वृक्ष लग जाएंगे।

नवादा जिले के सबसे पहला और पुराना स्कुल

**मानस भारती एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स**

भी0 आई0 पी0 कॉलनी, नवादा

में अपने बच्चे का भविष्य बनाने के लिए नामांकन जल्द करवायें।





## कीचड़ में बहादुरगंज या बहादुरगंज में कीचड़ समझना हुआ मुश्किल जिम्मेदार मौन

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो रिपोर्ट गौतम सिंह चौहान



रामपुर मथुरा सीतापुर जनपद सीतापुर तहसील महमूदाबाद के अंतर्गत आने वाला विकासखंड रामपुर मथुरा का मामला प्रकाश में आया है जो छेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है आपको बता दें कि

ग्राम पंचायत गढ़ चपा की कस्बा बहादुरगंज का यह हाल है कि उसी गांव में ही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हसीब कस्बा बहादुरगंज में ही निवास करते हैं और आपको बता दें कि उसी कस्बे का यह हाल है कि आज की पहली ही हल्की सी बारिश में बहादुरगंज कस्बे की सड़कें एवं गलियों ने नदियों का विकराल रूप धारण कर लिया जिससे ग्रामीणों को आवागमन में भारी दिक्कत हुई जब ग्राम प्रधान अपने ही गांव की साफ-सफाई नहीं करवा पा रहे हैं तो ग्राम पंचायत में आने वाले और गांव का क्या होगा जनता सुरक्षित कैसे रहेगी वहीं पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बहादुरगंज कस्बे की ना ही कोई नालियां साफ है और ना ही कोई रास्ता और गली सही है गंदगी की भरमार मची हुई है कस्बा बहादुरगंज में जिससे नाना प्रकार की बीमारियां भी कस्बे में अपना कब्जा कर रही हैं वहीं पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बताया कि हमने यह सूचना कई बार ग्राम प्रधान को दी है पर ग्राम प्रधान किसी की सुनते ही नहीं और ना ही कोई सफाई कर्मचारी कस्बे में दस्तक देता है सालों बीत जाने के बाद कभी-कभी सफाई कर्मचारी आता है और कागजों पर खानापूर्ति करके अपना पल्ला झाड़ते हुए निकल जाता है

## गोपामऊ पहुंचने पर कावड़ियों का किया गया जगह- जगह स्वागत

दैनिक समाज जागरण



टडियांवा/हरदोई। पिछले 2 सालों से कोरोना महामारी के चलते प्रशासन ने कावड़ यात्रा स्थगित कर दी थी । फिर से योगी सरकार के द्वारा कावड़ यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध हटा दिया गया है। जिसके चलते कांवड़ियों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है इसी क्रम में शिव भोले कावड़ सीमित द्वारा जाने वाली कावड़ यात्रा का जत्था गोपामऊ नगर में पहुंचने पर जगह-जगह पर कांवड़ियों का स्वागत किया गया। इसी क्रम में कावड़ियों के स्वागत में लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नौशाद नदवी ने कांवड़ियों के नगर पहुंचते ही पुष्प वर्षाकर उनका स्वागत किया और जलपान कराया इनके साथ में जगदीश प्रसाद कटिआर, समसुल खान आदि लोग मौजूद रहे। वही गोपामऊ पेट्रोल पंप पर पूर्व चेयरमैन हाजी वली मोहम्मद ने गंगा- जमुनी मिसाल कायम करते हुए कांवरियों के जलपान कराया और कस्बे के बाहर तक विदा किया। वही पुलिस प्रशासन कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के अलावा सेवा भाव में लगा रहा। चौकी के गेट पर लगे पांडाल में सीईओ हरियांवा शिल्पा कुमारी ने फीता काटकर उद्धाटन किया व कावड़ियों पर पुष्प वर्षाकर जलपान कराया पांडाल में कोतवाली प्रभारी राजदेव मिश्रा, चौकी प्रभारी योगेंद्र सिंह स्टाफ के साथ मौजूद रहे। वहीं कार्यक्रम व्यवस्था पेंग प्रधान बबलू की देखरेख में थी।

## नल मरम्मत के नाम पर लाखों खर्च फिर भी नहीं हुई नलों की मरम्मत

दैनिक समाज जागरण रवि कुमार यादव

रामपुर मथुरा सीतापुर जनपद सीतापुर तहसील महमूदाबाद के विकासखंड रामपुर मथुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत गढ़ चपा का मामला प्रकाश में आया जहां पर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नल मरम्मत के नाम पर लाखों रुपए ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा खर्च किए गए पर अभी तक नल खराब पड़े हैं और ग्रामीणों को पेयजल की



समस्या बढ़ती हुई नजर आ रही है वहीं पर पता चला कि शिवनारायण वर्मा के घर पर भी नल खराब पड़ा है और विजय कुमार के घर के सामने का नल भी खराब पड़ा है इसी प्रकार से बहादुरगंज गढ़ चपा कालिकन चौराहा एवं कालिकन मंदिर पर भी नल खराब पड़ा है जो भक्त कालिका देवी दर्शन के लिए आते हैं उनको भी पानी की समस्या को झेलना पड़ता है और ग्राम प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी इन सभी चीजों को नजरअंदाज करते हुए नजर आ रहे हैं ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार पता चला कि गांव में कई सारे नल कई महीनों से खराब पड़े हैं पर उनको देखने वाला कोई नहीं है और ना ही ग्रामीणों की समस्या हल हो पा रही है जहां पर सरकार कह रही है कि जल ही जीवन है वहीं पर भ्रष्ट प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी जल ही जीवन नहीं समझते और अपनी अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं और ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे

## पुरानी रंजिश के चलते अधेड़ की हत्या कर सब हाईवे किनारे फेंका

दैनिक समाज जागरण विजेंद्र सिंह रजपुरा

थाना रजपुरा क्षेत्र के अंतर्गत गांव भक्ता नगला निवासी साहब सिंह पुत्र ज्ञान सिंह उम्र 55 वर्ष का सब मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। परिजनों के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही बोलेरो सवार हेतराम पुत्र पूरन सिंह, सुभाष, छोटे, भूपेंद्र पुत्रगण हेतराम, रविवार की शाम को साहब सिंह को घर से गाड़ी में बिठा कर ले गए थे। उसके बाद काफी तलाश करने के बाद देर शाम साहब सिंह का शव गांव के पास में ही पड़ा मिला। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची 112 एवं थाना पुलिस ने सब कब्जे में कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।



रजपुरा प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया की गांव भक्ता नगला मैं साहब सिंह पुत्र ज्ञान सिंह उम्र 55 वर्ष का सब मिला है पंचनामा भर सब पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है परिजनों की तहरीर आने पर अगली कार्रवाई की जाएगी।

## साधना पथ (भाग 206)



साधकों भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में सनातन मतावलंबी स्त्री , पुरुष भगवान शिव की उपासना करते हैं। उपासना अर्थात -समीप बैठना। उपासक देव के गुणों का चिन्तन-मनन करना और उन्हें ग्रहण करने का प्रयत्न करना, उस पथ पर अग्रसर होने का प्रयत्न करना।

साधकों -- भगवान शिव का सच्चा उपासक वही है, जो अपने मन में स्वार्थ भावना को त्यागकर परोपकार की मनोवृत्ति को अपनाता है। हमारे मन में यह विचार उत्पन्न होने पर हम झूठ, छल, कपट, धोखा, बेईमानी, इर्ष्या, द्वेष आदि से मुक्त हो जाते हैं।

पवित्र श्रावण मास में हम शिव आराधना करते हैं , कांवण यात्रा करके भी हम इन बुराइयों का त्याग नहीं करते तो शिव का व्रत और पूजन केवल लकीर पीटना मात्र रह जाता है। इससे कोई विशेष लाभ नहीं होगा।

साधकों भगवान शिव का वस्त्र धारण न करना, अपरिग्रह का प्रतीक है। परिग्रह एक प्रकार का पाप है; क्योंकि किसी वस्तु का परिग्रह करने का अर्थ है -दूसरों को उस वस्तु से वंचित रखना। अन्न भण्डार जमा रखने वाला दूसरों को भूखों मारने के लिए बाध्य करता है। जिसके अनेक मकान और बंगले हैं, वह औरों को झोपड़ी बनाने से भी वंचित रखता है। संसार में परिग्रह करने वाले धनवानों का पूजन और सम्मान कोई नहीं करता, बल्कि त्यागी,तपस्वी और अपरिग्रही संत-महात्माओं के चरण धूलि मस्तक पर लगाई जाती है। भगवान शंकर सर्वशक्तिमान हैं, परन्तु उन्होंने अपने लिए कुछ नहीं लिया। सादा जीवन और उच्च विचार ही उनके जीवन का आदर्श रहा।

भगवान शिव ने योग-साधना से अपने जीवन को परिष्कृत किया। वह गुणों के भण्डार हैं। शक्ति उनके इशारे पर नाचती है। वह अपने तीसरे नेत्र से बड़ी-से बड़ी शक्ति को जलाकर राख करने की सामर्थ्य रखते हैं। इसी शक्ति से उन्होंने कामदेव को भस्म कर दिया था। हमें भी शक्ति की वृद्धि करके,अपने व्यक्तिगत जीवन से व समाज से अनैतिकता, अश्लीलता और कामुकता को दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए।

भगवान महादेव रूण्डों की माला अपने गले में पहनते हैं,अर्थात क्रोध को वश में किए हुए हैं। गङ्गा उनकी जटाओं से निकल रही है। आध्यात्मिक शान्ति की गङ्गा का प्रवाह उनसे आरम्भ होता है। उनके मस्तक पर चन्द्रमा का चिह्न रहता है। वह शान्तिप्रिय और संसार को शान्ति का प्रकाश देने वाले हैं।

शिव निरन्तर अपनी साधना में लीन रहते हैं। अखण्ड अग्नि अर्थात यज्ञ भगवान के समक्ष साधना का उनके जीवन में विशेष स्थान था। इनके द्वारा प्राप्त शक्ति से ही त्रिशूल अथवा त्रितापों को दूर करने की सामर्थ्य रखते हैं।


यदि हम भी सुखी रहना चाहते हैं तो हमें उनका अनुकरण करना चाहिए। महान आत्माएँ अपने व अन्य प्राणियों में कोई अन्तर नहीं मानते, वह दूसरों को अपने बराबर ही समझते हैं। उनके मन में छोटे-बड़े का कोई भेदभाव नहीं रहता।

श्रीमद्भागवत गीता में भगवान ने कहा है कि पण्डित और ज्ञानी वह है, जो विद्या-विनययुक्त ब्राह्मण, हाथी,गाय आदि को एक समान मानता है। आज लोग धन,वैभव, पद, प्रतिष्ठा आदि के मद में अपने से छोटों को दुत्कारते हैं, उनके साथ दुर्व्वहार करते और अपने छोटेपन का परिचय देते हैं। वे कभी यह नहीं सोचते कि इस प्रकार का व्यवहार उनके साथ किया जाए तो उन्हें कैसा लगेगा?

भगवान महादेव ने भूत-प्रेतों को अपना साथी बनाया अर्थात पतितों को अपने गले से लगाया, उनके उत्थान के लिए सतत प्रयत्न किया। शिव जी की पूजा करने का अधिकार ब्राह्मण से लेकर चाण्डाल तक को है। भोले बाबा के लिए सब एक समान हैं। इन सन्देशों को यदि हम अपने अन्तःकरण में स्थान देते हैं, तो हम सच्चे शिव उपासक हैं।

हमारा कर्तव्य है कि इस महान पर्व को शुद्ध शास्त्रोक्त रीति से मनाकर लोगों को कल्याण का मार्ग दिखायें। श्रावण मास में भगवान शिव की आराधना पूजा पाठ , रुद्राभिषेक निष्ठापूर्वक करना चाहिए। सबको पूजन , अर्चन करने की प्रेरणा देनी चाहिए और विधिपूर्वक शिव-पूजन करना चाहिए। भगवान शिव के गुणों का गान और समाज के प्रति कर्त्तव्यों को समझा जाय।

इस पुनीत पर्व पर नशीली वस्तुओं के त्याग का संकल्प लेना चाहिए। त्याग, परोपकार, सादा जीवन व्यतीत करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। इस शुभ अवसर पर महान अनिष्ट से बचाने के लिए सिगरेट, बीड़ी, शराब, भाँग, गाँजा, अफीम आदि नशीली वस्तुओं को छोड़ने का संकल्प लें । ऐसा करने से निश्चय ही भगवान शिव प्रसन्न होंगे ।



# क्या बुजुर्गों की सर्वांगीण सुरक्षा हमारा प्रथम कर्तव्य नहीं?

## बुजुर्गों और नई पीढ़ी के मध्य संवाद हीनता, गहराता संकट

भारत में सर्वे के अनुसार बुजुर्गों और नौजवान पीढ़ी के बीच संवाद हीनता एक चिंताजनक स्वरूप ले चुका है' बुजुर्ग एकाकीपन से अब मानसिक रोगों के शिकार होने लगे हैं। जिन बुजुर्गों को चलने फिरने और बाहर जाने में परेशानी होती है उनके लिए नौजवान पीढ़ी के साथ संवाद हीनता परेशानी का एक बड़ा सबक बन चुका है' महिला तथा पुरुष बुजुर्गों के साथ यह समस्या बृहद रूप लेकर सामाजिक समस्या बन गई है' बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं इनका जीवन के हर दृष्टिकोण में संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। मोबाइल ,व्हाट्सएप फेसबुक और इंटरनेट ने नौजवान पीढ़ी और बुजुर्गों के बीच एक बड़ा संवाद हीनता का संकट पैदा कर दिया है। बुजुर्ग यदि अपने मन की बात किसी से कह नहीं सकेंगे तो उन्हें मानसिक रूप से बीमारी का संकट हो सकता है। नौजवान पीढ़ी को खाली समय में मोबाइल कंप्यूटर में फेसबुक व्हाट्सएप इंस्टाग्राम से ही फुर्सत नहीं है। ऐसे में बुजुर्गों के लिए यह संकट और गहराने का खतरा बढ़ता जा रहा है' उल्लेखनीय है कि बुजुर्गों का अनुभव उनका ज्ञान परिवार,समाज तथा देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है' देश की संस्कृति में बुजुर्गों का सम्मान और इज्जत उनकी रक्षा निहित है' करोना की तीसरी लहर से भारतीय समाज में निवास कर रहे बुजुर्गों की बड़ी संख्या को हमें सुरक्षित और महफूज रखना है। वह वटवृक्ष की तरफ हम सबका मार्गदर्शन करते हैं ,अतः हमारा प्रथम कर्तव्य होगा कि हम वृद्धजनों की हर संभव रक्षा कर उनकी इज्जत, तवज्जो करें' इसके साथ ही हमें बच्चों तथा नौजवानों की भी रक्षा करनी होगी' भारत सरकार की लगातार चेतावनी और विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी निर्देशों की अवहेलना अभी भी भारत देश में जारी है' सैकड़ों लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं' हमें कोविड-19 के आतंक के साए को भी नहीं भूलना चाहिए।हमे लगातार सावधानी रख कोविड-19 के प्रोटोकॉल का अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ संगठन की गाइडलाइंस के अनुसार अपना आचरण रखना होगा। अन्यथा कोविड-19 की तीसरी लहर फिर भारत के निवासियों को परेशान कर सकती है। भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर की शुरूआत बड़े शहरों से लेकर छोटे शहरों तक हो चुकी है। इसके लिए हमें अतिरिक्त सावधानी रखनी होगी। मैंने पहले भी कहा था कि करोना का केरल हॉटस्पॉट बन चुका है। अब दिल्ली, मुंबई चेन्नई अहमदाबाद तथा पूर्वोत्तर राज्य मैं भी कोविड-19 की तीसरी लहर के आंकड़े डरावने हो गए हैं। करोना का डेल्टा वैरीअंट यानी करोना की तीसरी लहर हर जगह फैलने लगी है'

अब यह संक्रमण भारत के महानगरों में फैलने की आशंका को लेकर आया है

दिल्ली ,मुंबई कोलकाता, अहमदाबाद,चेन्नई से कोविड-19 की तीसरी लहर अपना पैर पसार चुकी है। और यदि आपने अपने चेहरे पर मास्क नहीं लगाया, लगातार हाथ नहीं धोया, लोगों से 2 गज की दूरी नहीं रखी और भीड़ भाड़ में जाने से नहीं बचे, तो निश्चित तौर पर कोविड-19 का डेल्टा वैरीअंट को आने से कोई नहीं रोक सकता है ।वैसे भी विश्व में इंडोनेशिय,मलेशिया,थाईलैंड, ब्रिटेन, फ्रांस, ब्राजील, अर्जेंटीना,अमेरिका मैं डेल्टा वैरीअंट के तेजी से हजारों प्रकरण बढ़ते दिखाई दे रहे हैं। अमेरिका डेल्टा वैरीअंट के संक्रमण का भयानक प्रकोप झेल रहा है। भारत में भी पूर्वांचल प्रदेशों में मिजोरम,असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में तीसरी लहर के आसार स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। ब्रिटेन, अमेरिका,और फ्रांस जैसे उच्च शिक्षित देशों के नागरिकों ने लॉकडाउन हटते ही विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस का उल्लंघन कर कोविड-19 की तीसरे संक्रमण की लहर को आमंत्रित कर लिया है। अमेरिका के स्वास्थ विभाग के वैज्ञानिक डॉ मूर्ति ने यहां तक कहा कि अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को तीसरी लहर के अल्फा बीटा गामा कप्पा और डेल्टा वैरीअंट से बचने के लिए इंजेक्शन का बूस्टर डोज लगाना पड़ेगा, तभी लोगों की जान बच पाएगी।

24 करोड़ आबादी वाला उत्तर प्रदेश अब तक करोना की लहर से लड़कर उसे दबाने में काफी हद तक सफल रहा है। खुलेआम पर्यटन स्थलों पर मौज मस्ती करने वाले अमीर लोग अपना इलाज तो आसानी से करवा लेंगे पर सबसे बड़ी मुसीबत गरीब तथा सर्वहारा वर्ग के लिए होगी जि ऐसे में यदि भारत में कोविड-19 की तीसरी लहर पर्यटन स्थलों में घूमते हुए बेखौफ लोगों से भारत फिर फैलती है, तो आम जनता का जीवन यापन कठिन तथा दुष्कर हो जाएगा। और जिंदगी बचाने के लिए त्राहिमाम त्राहिमाम होने की पूरी संभावना है। देश में कोरोना की प्रथम लहर के थोड़े से नियंत्रण में आने के बाद सरकारों और आला अधिकारियों को यह गलतफहमी हो गई थी,कि करोना पूरी तरह नियंत्रित हो गया है। और वापस लौटकर नहीं आएगा। इसीलिए उन्होंने बाजार, आम सभाएं, शादी समारोह, होटल, टॉकीज,बड़े बड़े मॉल को खोलने की तथा ग्राहकों को आमंत्रित करने की अनुमति दी थी। और नीति निमार्ता, राज्य सरकारों, केंद्र सरकार तथा मंत्रालय में बैठे बड़े-बड़े आला अधिकारियों ने कभी कल्पना ही नहीं की थी कि करोना की दूसरी लहर भी आएगी, और इसी के चलते उन्होंने न तो कोई दूरदर्शी नीति बनाई और ना ही इससे बचने के किसी उपाय पर विचार ही किया ।यह उनकी सबसे बड़ी गलती थी, तथा अदूरदर्शिता भी थी । लेकिन करोना कि दूसरी लहर ने संक्रमण की जो तबाही मचाई और लाखों लोगों को मौत के घाट उतार दिया , अब कोविड-19 की तीसरी लहर भी इसी तरह के संक्रामकता लाने वाली है। यह तीसरी लहर का वैरीऐंट बच्चों तथा युवा बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करेगा, और इसके कोई लक्षण भी नहीं दिखाई देंगे, कोविड-19 की पहली लहर में संक्रमण दस दिन तक अपने उफान पर रहता था अब दूसरी लहर में 5 दिन में या पूरे शबाब पर आ जाता है, तीसरी लहर में न जाने यह दो या तीन दिन में अपना सर्वाधिक असर दिखाने वाला होगा, ऐसे में तीसरा संक्रमण कॉल बहुत ज्यादा डरावना और संक्रमण का होगा,वह दूसरे संक्रमण काल से भी ज्यादा मौत देने वाला होगा। ब्रिटेन की वैज्ञानिक शोध पत्रिका लेसेंट ने बताया कि ब्रिटेन फ्रांस बच्चों के लिए वैक्सीन बनाने में सफल हो गए हैं। एवं ब्रिटेन में बच्चों को वैक्सीनेशन देने की अनुमति देने की तैयारी चल रही है भारत के नौजवान बुजुर्ग और बच्चे बड़ी तादाद में मौजूद हैं उन सब की रक्षा करना हमारा नैतिक दायित्व है। खास तौर पर बुजुर्गों की जो शारीरिक रूप से कमजोर एवं अक्षम होते हैं उनकी तरफ विशेष ध्यान देकर हमें उनकी रक्षा करनी होगी यह हमारा प्रथम दायित्व होगा।



**संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# परशुराम चतुर्वेदी

आचार्य परशुराम चतुर्वेदी (जन्मः 25 जुलाई, 1894; मृत्युः 3 जनवरी, 1979) परिश्रमशील विद्वान् शोधकर्मी समीक्षक थे। उनका जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया में हुआ था। उनकी शिक्षा इलाहाबाद तथा वाराणसी विश्वविद्यालय में हुई। वे पेशे से वकील थे, किंतु आध्यात्मिक साहित्य में उनकी गहरी रुचि थी। संस्कृत तथा हिन्दी की अनेक उपभाषाओं के वे पंडित थे।

**व्यक्तित्व**

परशुराम चतुर्वेदी का व्यक्तित्व सहज था। वे सरल स्वभाव के थे। स्नेह और सौहार्द के प्रतिमूर्ति थे। इकहरा शरीर, गौरवर्ण, मध्यम कद काठी और सघन सफेद मूंछें उनके बड़प्पन को प्रकाशित करने के लिये पर्याप्त थीं। उनके मुख मंडल पर परंपरागत साहित्य की कोई विकृति की रेखा नहीं देखी गयी बल्कि एक निश्चित दीप्ति सदा थिरकती रही, जिससे बंधुता एवं मैत्री भाव विकीर्ण होता रहता था। चतुर्वदी जी महान् अन्नवेषक थे। मनुष्य की चिंतन परंपरा की खोज में उन्होंने संत साहित्य का गहन अध्ययन किया। वे मुक्त चिंतन के समर्थक थे, इसलिये किसी सम्प्रदाय या झंडे के नीचे बंधकर रहना पसंद नहीं किया। साहित्य में विकासवादी सिद्धांत के वे पक्षधर थे। उनकी विद्वता के आगे बड़े-बड़ों को हमेशा झुकते देखा गया। उनका जीवन मानवता के कल्याण के प्रति समर्पित था।



**कबीर को ख़्याति दिलाने में अहम योगदान**

बहुत कम लोग जानते हैं कि कबीर को जाहिलों की कोह में से निकाल कर विद्वानों की पांत में बैठाने का काम आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने ही किया था। कबीर के काव्य रूपों, पदावली, साखी और रमैनी का जो ब्यौरा, विस्तार और विश्लेषण आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने परोसा है, और ढूंढ ढूंढ कर परोसा है, वह आसान नहीं था। फिर बाद में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी सरीखों ने कबीर को जो प्रतिष्ठा दिलाई, कबीर को कबीर बनाया, वह आचार्य परशुराम चतुर्वेदी के किए का ही सुफल और विस्तार था, कुछ और नहीं। दादू, दुखहरन, धरनीदास, भीखराम, टेराम, पलटू जैसे तमाम विलुप्त हो चुके संत कवियों को उन्होंने जाने कहां-कहां से खोजा, निकाला और उन्हें प्रतिष्ठापित किया। संत साहित्य के पुरोधा जैसे विशेषण उन्हें यूं ही नहीं दिया जाता। मीरा पर भी आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने जो काम किये वे अविरल हैं। गांव-गांव, मंदिर-मंदिर जो घूमे, यहां तक कि मीरा के परिवार के महाराजा अनूप सिंह से भी मिले तो यह आसान नहीं था। कुछ लोग तो उन्हें गड़े मुर्दे उखाड़ने वाला बताने लगे थे, पर जब उन की किताबें छप-छप कर डंका बजा गईं तो यह ह्यगड़े मुर्दे उखाड़ने वालेह्ल की जबान पर ताले लग गए।

'उत्तरी भारत की संत साहित्य की परख', 'संत साहित्य के प्रेरणा स्रोत', 'हिंदी काव्य धारा में प्रेम प्रवाह', 'मध्य कालीन प्रेम साधना', 'सूफी काव्य संग्रह', 'मध्य कालीन श्रृंगारिक प्रवृत्तियां', 'बौद्ध साहित्य की सांस्कृतिक झलक', 'दादू दयाल ग्रंथावली', 'मीराबाई की पदावली', 'संक्षिप्त राम चरित मानस' और 'कबीर साहित्य की परख' जैसी उन की किताबों की फेहरिस्त बहुत लंबी नहीं तो छोटी भी नहीं है। ह्यशांत रस एक विवेचनह्ल में शांत रस का जो छोटा-छोटा ब्यौरा वह परोसते हैं, वह दुर्लभ है। अजीब संयोग है कि बलिया में गंगा के किनारे के गांव में आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी जन्मे और दूसरे किनारे के गांव जवहीं में आचार्य परशुराम चतुर्वेदी जन्मे। दोनों ही प्रकांड पंडित हुए। पर आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी प्रसिद्धि का शिखर छू गए। और आचार्य परशुराम चतुर्वेदी ने विद्वता का शिखर छुआ। पर प्रसिद्धि जितनी उन्हें मिलनी चाहिए थी उतनी नहीं मिली। तो यह हिंदी वालों का ही दुर्भाग्य है, आचार्य परशुराम चतुर्वेदी का नहीं।

# प्राचीन शिव मंदिर में आधी रात के बाद अदृश्य शक्ति करती हैं शिवलिंग की पूजा तमाम कोशिशो के बाद भी नही खुला रहस्य का राज

**पंकज गुप्ता/रमाकांत मिश्र**

बघौऊ हरदोई। ब्लॉकअहिरोरी के कस्बा मे भस्म विभूति धारी देवाधिदेव भोलेनाथ भूतनाथ की अद्भुत शक्तियों का गवाह रहा है यहां पर स्थित भूतनाथ का पाषाण शिवलिंग रहस्यमई कहानियों का गवाह रहा है. श्रद्धालुओं की ऐसी मान्यता है कि यह शिवलिंग कभी भी बिना पूजा अर्चना के किसी भी श्रद्धालु को नहीं मिला है. महर्षि मंगल गिरी आश्रम के प्रबंधक श्री शिवशंकर शुक्ल "लल्ले बाबा" बताते हैं कि इस शिवलिंग की स्थापना पुरातन काल में विख्यात संत परम सिद्ध मंगल गिरी बाबा जी ने की थी मंदिर के आसपास विशाल जंगल ऋषि मुनियों की तपोस्थली रहा करता था. नैमिषारण्य से कुछ दूरी पर होने के कारण इस शिवलिंग की पूजा अर्चना पंचकोशी यात्रा से गुजरने वाले संत महात्मा श्रद्धालु किया करते थे.

भूतनाथ का यह स्थान चर्चा में पुरातन काल से है जब भोलेनाथ की पूजा करने वालों को यह पता चला कि यह शिवलिंग बिना पूजा के कभी भी नहीं रहता है. मंदिर से अगाध श्रद्धा रखने वाले बाबा धर्मपुरी जी का कहना है कि कुछ भक्तों ने तो मंदिर के गेट पर लेट कर यह पता करने की कोशिश की कि यह रात में पूजा अर्चना करने आखिर कौन आता है. लोगों ने बताया कि रात होते ही ठीक 12 बजे के बाद पहले पहर में एक लंबे व्यक्ति ने आकर कहा कि हट जाओ डरना मत किनारे लेट जाओ और फिर मंदिर के अंदर जाकर अदृश्य हो गया. जब मंदिर के अंदर जाकर टार्च लगाकर देखा गया तो पूजा-अर्चना हुई मिली थी. तब से लेकर आज तक कई बार मंदिर के पहली बार पूजा-अर्चना वाले रहस्य को कई बार लोगों ने देखने की कोशिश की है लेकिन पहली पूजा कौन करके जाता है यह रहस्य अभी भी बरकरार है.





**मंदिर के तालाब की मछलियां को अभय होने का वरदान**

मंदिर से कुछ दूरी पर एक बड़ा सा पाताल तोड़ तालाब स्थित है और तालाब के किनारे पुराने समय से ही कदंब के पेड़ शोभायमान है. पुराने संत महात्मा इस स्थान को छोटीकाशी भी कहते हैं जंगल तालाब और तालाब के हर कोने पर बने मंदिर इस स्थान को रमणीय बनाते हैं. तालाब में काफी बड़ी संख्या में मछलियां संरक्षित हैं क्षेत्रवासियों का कहना है कि तालाब से कोई भी व्यक्ति मछलियां नहीं पकड़ता है. इन मछलियों को भी मंगलगिरी बाबा द्वारा अभय होने का वरदान प्राप्त है. भूतनाथ मंदिर से लोगों की अगाध श्रद्धा और अद्भुत शक्तियों के द्वारा की जाने वाली पूजा लोगों के लिए आश्चर्य श्रद्धा का विषय बनी हुई है । गुरूपूर्णिमा पर लगता है साप्ताहिक 'आषाढ़ी मेला' प्रत्येक वर्ष गुरुपूर्णिमा के पावन पर्व पर बहुत विशाल आषाढ़ी मेला लगता है जो क्षेत्र की आस्था का प्रतीक है ।

## गणेश गीता (गीता भाग 123)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान



**विश्वनाथ त्रिपाठी**

अतिवादोऽभिमानश्च,
दर्पोऽज्ञानम् सकोपता
आसुर्या एवमाद्यानि,
चिन्हानि प्रकृतेर्नृप

हे राजन् ! अतिवाद ,अभिमान,दर्प( घमंड ) अज्ञान,क्रोध ए सब आसुरी प्रकृति के चिन्ह हैं

निष्ठुरत्वं मदोमोहो,
अहंकारो गर्व एवं च
द्वेषों हिंसादया क्रोध,
औद्धत्यं
दुर्विनीततो
अभिचारककर्तृत्वं
क्रूर कर्म रतिस्तथा

राजन्! निष्ठुर था,मद मोह अहंकार गर्व द्वेष हिंसा क्रूरता क्रोध उदंडता,किसी के नाश के लिये अभिचार कर्म और क्रूर कर्मों में प्रीति करना आसुरी प्रकृति हैं

अविश्वासः संतां वाक्ये ,
अशुचित्वं
कर्महीनतो
निंदकत्वं च वेदानां,
भक्तानां असुरद्विषां

श्रेष्ठ पुरुषों के वाक्यों में अविश्वास करना ,अपिवित्रता ,कर्मों के प्रति अरुचि ,वेदों। पुराणों आदि की निंदा करना ,आसुरी प्रवृत्ति के लोगों से प्रीति करना ये सब आसुरी लक्षण हैं




स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## संक्षिप्त न्यूज

### दिल्ली सरकार को मंकीपॉक्स से निपटने में बहुत ही सावधानी बरतनी चाहिए

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली मे मंकीपॉक्स का पहला मामला सामने आना चिन्ता का विषय है क्योंकि पिछली बार कोरोना माहामारी में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को आश्वासन दिया था कि घबराने की काई बात नहीं है। कोरोना महामारी एक चुट्की के समान है और उन्होंने यह बात तब कही थी, जब कोरोना महामारी फैल रही थी और दिल्ली की जनता इस भयंकर महामारी की मार से



अनजान थी और उसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के झूठे आश्वासनों का खामियाजें दिल्ली की जनता को भुगतने पड़ें।चौ. अनिल कुमार ने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकीपॉक्स को वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है।दिल्ली सरकार को अतिरिक्त सावधानी बरतनी चाहिए । चौ. अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में हैं और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, जिन्हें स्वास्थ्य का प्रभार दिया गया है, वह भी कई अन्य विभागों के बोझ से दबे हुए हैं और भ्रष्टाचार में लिप्त है और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल जिनके पास कोई भी मंत्रायल नहीं वें सिर्फ अपने भ्रष्ट नेताओं को बचाने में लगे हुए है।चौ. अनिल कुमार ने कहा कि कोविड-19 महामारी अभी भी दिल्ली में बहुत सक्रिय है और डेंगू के मामले हर रोज सामने आ रहे हैं, लेकिन राजधानी में पूर्ण स्वास्थ्य मंत्री नहीं है।

### रिसर्च एंड रैंकिंग ने इंफॉर्म्ड इन्वेस्टर की शुरुआत की

(हरेश उपाध्याय) दिल्लीः-भारत की प्रमुख नॉन -डिसक्रिशनरी इक्विटी इंवेस्टमेंट एडवाइजरी फर्म और इक्वेंटिस ग्रुप का हिस्सा, रिसर्च एंड रैंकिंग ने अपने क्रांतिकारी फिनटेक एजुकेशन प्लेटफार्म ('इंफॉर्म्ड इन्वेस्टटूआरआर') के शुभारंभ की घोषणा की। प्लेटफार्म का उद्देश्य शेयर बाजारों में निवेश करने के तरीके को बदलना व दिलचस्प वीडियोज के माध्यम से इन्वेस्टमेंट के बारे में सब कुछ एक छत के नीचे मुहैया कराना है।इक्वेंटिस ग्रुप के फुलटाइम डायरेक्टर, इंडस्ट्री एक्सपर्ट संजीव आनंद इस पहल को लीड कर रहे हैं।

एनएसडीएल (नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड) और सीडीएसएल (सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में करीब 9 करोड़ एक्टिव डीमैट अकाउंट्स हैं। अगर हम इस तथ्य को अलग रख दें कि निवेशकों के पास एक से अधिक डीमैट अकाउंट्स हो सकते हैं, तो भी यह स्पष्ट है कि सिर्फ 6.5% भारतीय ही इक्विटी में निवेश करते हैं।पी आर शैलेंद्र झा ने बताया कि निवेशकों का एक बड़ा तबका इक्विटी इन्वेस्टमेंट को 'जल्दी अमीर बनाने' की स्कीम के रूप में देखता है लेकिन वास्तविकता इसके विपरीत है।इस बात को इंफॉर्म्ड इन्वेस्टर इनिशिएटिव लोगों को समझाना चाहता है। संजीव ने अपने विशेषज्ञों की टीम के साथ विडियोज से समझाया है।रिसर्च एंड रैंकिंग के फाउंडर और डायरेक्टर मनीष गोयल कहते हैं, ह्लहम निवेशकों को शिक्षित करने और उन्हें इंफॉर्म्ड फैसले लेने के लिए टूल्स उपलब्ध कराने में दृढ़ता से विश्वास करते हैं।प्लेटफॉर्म चार व्यापक कैटेगरीज में वेल-इंफॉर्म्ड प्रासंगिक कंटेंट उपलब्ध कराता है जो निम्न हैंः डेली इनसाइट्स दैट मैटर,ग्रेविटास, थर्ड अंपायर,द मास्टर क्लास,द स्टूडियोज,द वर्कशॉप्स, मेकिंग इंवेस्टमेंट ईजीयर,ब्रीदर आदि आदि।

### AECL क्रिकेट लीग में पांच राज्यों की टीमें लेंगी हिस्सा,सितारे भी होंगे शामिल

(हरेश उपाध्याय)दिल्लीः-AECL यानी आर्टिस्ट इवेंट क्रिकेट लीग का चौथा सीजन 7 सितंबर 2022 से शुरू होने जा रहा है। नए सीजन की घोषणा के मौके पर डांसिंग स्टार सपना चौधरी, मशहूर सिंगर मिलिंद गाबा और भोजपुरी एक्टर से कामयाब राजनेता बने सांसद




मनोज तिवारी जैसे विशेष लोग मौजूद रहे। अएउछ के फाउंडर्स आशीष माथुर, सोनिया माथुर, आशीष राठी और विपुल गोसाई ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम और सेलिब्रिटीज की लिस्ट जारी की।सितारों से सजे रहने वाले इस टूनार्मेंट के टाइटल स्पॉन्सर की जिम्मेदारी इवेंट डैडी निभा रहा है। होटल पार्टनर के रूप में क्रुर होटल एरोसिटी है, जबकि फिटनेस पार्टनर,्रील्लॅ रोड मास्टर और एंटरटेनमेंट पार्टनर अंरें डांस कंपनी है।लीग का ग्रैंड उद्घाटन एक फ्रेंडली मैच के साथ होगा।जिसमें सेलेब्रिटी टीम का मुकाबला समर्थनम से होगा।समर्थनम विजुअली चैलेंज्ड यानी दिव्यांग लोगों की टीम है।जो भारत का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर चुकी है और 2018 में वर्ल्ड चैम्पियन रही है।अएउछ के फाउंडर आशीष माथुर ने नए लीग के बारे में बताया, "इस सीजन में कुल 31 मैच खेले जाएंगे। मैच 16 टीमों के बीच होंगे। जिन्हें 4-4 के ग्रुप में बांटा जाएगा। टूनार्मेंट के दौरान हर दिन 6 मैच कराए जाएंगे और जो टीम खिताब जीतेगी उसे साढ़े सात लाख रुपये की इनामी राशि दी जाएगी। जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाली टीम को साढ़े तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। मैन ऑफ सीरीज को दो कैटेगरी में बांटा गया है। सीरीज के बेस्ट बैट्समैन को इनाम के तौर पर एक बाइक दी जाएगी जबकि बेस्ट बॉलर को एक स्कूटी मिलेगी, जबकि बेस्ट कैच ऑफ द डे और पर्पल कैप ऑफ द डे जैसे अवॉर्ड हर दिन दिए जाएंगे और ऐसे प्लेयर्स को इनाम में साइकिल दी जाएगी।लीग स्टेज में एक मैच 12-12 ओवरों का होगा और टेनिस बाल से खेला जाएगा।

### कावड़ यात्रियों की सुविधा एवं समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से जनपद में कंट्रोल रूम की हुई स्थापना।

**जनपद में जलाभिषेक तक 24 घंटे क्रियाशील रहेगा कंट्रोल रूम।**

जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि श्रावण शिवरात्रि के पर्व 26.07.2022 एवं कावड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए कावड़ यात्रियों की सुविधा एवं समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 01202560044 है।

उन्होंने बताया कि उक्त कंट्रोल रूम दिनांक 24.07.2022 से दिनांक 26.07.2022 ( जलाभिषेक समाप्त होने) तक 247 क्रियाशील रहेगा।

# पर्यावरण बचाव हेतु पौधारोपण किया गया

*सेक्टर 137 पारस टेयरा मे सोसायटी के लोगों ने पौधारोपण मे बढचढ कर हिस्सा लिया*

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी

नोएडा पर्यावरण गतिविधि महानगरे के तत्वाधान में नोएडा के सेक्टर 137 के पारस टेयरा के निवासियो के साथ बृहत् बृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।जिसमे सोसाइटी के पर्यावरण विद ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता फेलिक्स हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर और पर्यावरणविदे डॉक्टर डी के गुप्ता ने की। तथा अखिल भारतीय पर्यावरण आयाम के मिडिया प्रमुख निरंजन कुलकर्णी व प्रान्त सह पर्यावरण प्रमुख महिपाल के संरक्षण मे किया गया ।

डॉक्टर डी के गुप्ता ने बताया की "हमारा भारत देश बहुत तेजी के साथ विकास के पथ पर अग्रसर है पहले की तुलना में हमारे रहन -सहन में बहुत मूल रूप से बदलाव हो रहा है हमारे आस पास कंक्रीट का जंगल बढ़ता जा रहा है, और प्राकृतिक हरियाली कम होती जा रही है। इसका सर्वाधिक प्रभाव हमारे बच्चों पर पड़ रहा है।अगर देश के बच्चे स्वस्थ रहेंगे तो यह देश भी सुरक्षित होगा और हम विश्व गुरु बनने की और बढ़ेंगे।हमारे देश का प्राचीन गौरव लौटेगा और इसे सोने की चिड़िया बनने से कोई नही रोक पायेगा।

उन्होंने बताया कि आज भी पहाड़ पर रहने वाले सब लोग शहरों में रहने वालों से अधिक स्वस्थ हैं।जब एक पहाड़ पर रहने वाले और एक एन सी आर में रहने वाले व्यक्ति की ऑटोप्सी कर फेफड़े देखे गए तो पता चला कि हालांकि दोनों में जीवन भर कोई सिगरेट आदि का सेवन नही किया था। फिर भी पहाड़ पर रहने वाले व्यक्ति



के फेफड़े साफ थे और एन सी आर के व्यक्ति के फेफड़े में बहुत सारा तार था।यह केवल प्रदूषण के कारण था।आज बच्चों में भी अस्थमा,लंग कैंसर,स्किन कैंसर जैसी बीमारियां बड़ी तेजी से बढ़ रही है।है।हमारा लाइफ स्टाइल कहीं न कही खराब हो रहा है।

हमारे पेड़ लगाने से हमे ही नहीं जीव जंतुओं को भी लाभ होगा अतः हमे अपने आप को कही न कही पर्यावरण से जोड़ना पड़ेगा । महिपाल ने कहा कि पौधारोपण अभियान सिर्फ पौधे लगाने और फोटो खिंचवाने तक ही सीमित न रह जाये । पौधे लगाइए, तस्वीरें खिंचवाइए और फिर जिम्मेदारी भूल जाइए। इसके बाद न पर्यावरण की फिक्र न ही पौधे की देखभाल की उतना प्रयास करना चाहिए जितना कि हम अपने बच्चो की करते है।

निरंजन कुलकर्णी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुझे यकीन है कि हम में से हर कोई किसी भी कीमत पर पर्यावरण को बचाना चाहता है। हालांकि पर्यावरण को बचाने का मतलब केवल हमारे तत्काल परिवेश की सुरक्षा का मतलब नहीं है बल्कि हमारे पार्क, वन भंडार और वन्यजीव अभयारण्य भी हैं। इसमें संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है कि हम सभी पर अपनी धरती माँ को बचाने की जिम्मेदारी है जिससे यह रहने के लिए एक साफ और सुरक्षित जगह बन सके।पिछले कुछ वर्षों में पर्यावरण के लिए बढ़ते खतरे में इजाफा हुआ है। धरती को हमारे लिए और साथ ही साथ हमारी अगली पीढ़ियों के लिए रहने हेतु साफ तथा सुरक्षित स्थान बनाने का कर्तव्य और ज़िम्मेदारी ले। यह हमारे लिए जरूरी है कि हम इसके साथ प्रयोग करने और इसे अधिक शोषण करने के बजाय पर्यावरण के अनुरूप रहें। यहां हम आपको ह्लपर्यावरण को बचानेह्व के जान भागीधारी बड़े

कार्यक्रम में बच्चो द्वारा भी पर्यावरण बचाने हेतु प्रेरित किया गया।इस कार्यक्रम में पर्यावरण नारी शक्ति की बहनो ने भी बढ़चढ़ कर सहभागिता की । कार्यक्रम के अंत मे सभी निवासियों ने इस संकल्प के साथ कि - सांसें हो रही है कम ,

आओ पेड़ लगाए हम

के आह्वान के साथ पूरी सोसाइटी में 160 से अधिक पौधे लगाए।

**जीएसटी पंजीयन व्यापारिक उन्नति की संभावनाओं का प्रथम सोपान होने के साथ ही व्यापारी की सुरक्षा तथा पहचान का प्रतीक - प्रशांत कुमार सिंह**

### जीएसटी पंजीयन जागरूकता अभियान के अंतर्गत लगाया पंजीयन जागरूकता कैंप

आगरा।राज्य कर विभाग खंड -11 द्वारा जीएसटी पंजीयन जागरूकता अभियान के अंतर्गत पदमदीप टावर संजय प्लेस में पंजीयन जागरूकता कैंप लगाया गया। इसके अंतर्गत छोटे एवं पंजीकृत व्यापारियों को जीएसटी में पंजीकृत होने के लाभ से अवगत कराया गया ।

इस जागरूकता कैम्प में खंड-11 के अस्सिटेंट कमिश्नर प्रशांत कुमार सिंह ने व्यापारियों को उत्तर प्रदेश राज्य में पंजीकृत व्यापारियों के लिए सरकार द्वारा दस लाख रुपये की व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के बारे में विस्तार से बताया



गया। उन्होंने कहा कि बीमा योजना के लिए कोई प्रीमियम देय नहीं है । शून्य खरीद- बिक्री से संबंधित रिटर्न २..२. के माध्यम से दाखिल करने की सुविधा है ।इसके अलावा 1. 5 करोड़ वार्षिक कारोबार सीमा तक के छोटे एवं मझोले व्यापारियों के लिए समाधान योजना है। इसके अलावा व्यापारियो के लिये पेंशन योजना भी है । राज्य कर अधिकारी प्रियंका शर्मा ने व्यापारियों को जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी में समस्त कार्य ऑनलाइन होने से किसी कार्य हेतु व्यापारी को सरकारी कार्यालय आने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने सरल रिटर्न के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी । जीएसटी में पंजीयन हेतु आवश्यक प्रपत्र- पैन नंबर, मोबाइल नंबर, ईमेल का पता, आधार, पहचान पत्र तथा आवास एवं व्यापार स्थल के पता है । शिविर में सुशांत खेड़ा, धर्मेंद्र पाठक, अंकित जैन ,सुनील विकास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### असम करीमगंज में भूमि-केंद्रित संघर्ष के खतरनाक परिणाम।

असम संवाददाता
दैनिक समाज जागरण :

भूमि केंद्रित के बीच विवाद पर बड़ी हाथापाई। इस घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक की पहचान बिलाल अहमद के रूप में हुई है। करीमगंज के कालीगंज थाना क्षेत्र में जमीन से संबंधित झड़पों के लिए बरीबंदर बिलाल अहमद के बेटे पर तीन लोगों यासीन, अब्दुल कलाम और रज्जाक ने कथित तौर पर मारपीट की. हमला करने के बाद बिलाल अहमद को निशाना बनाया और बिलाल अहमद को गंभीर हालत में छोड़ दिया.

गंभीर रूप से घायल बिलाल को बचाते हुए

करीमगंज को सिविल अस्पताल लाया गया लेकिन डॉक्टरों ने बिलाल को मृत घोषित कर दिया। बिलाल की पत्नी की एक शिकायत से पता चलता है कि हत्या के मामले में तीन आरोपियों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था इन्वेस्टिगेशन जा रही है।

### लायलापुर पल्ली विकास क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच आयोजित।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः

24 जुलाईः धलाई विधानसभा क्षेत्र के लायलापुर पल्ली डेवलपमेंट क्लब के प्रबंधन में नॉक आउट फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच सिलचर ट्रक ड्राइवर्स एसोसिएशन बनाम लायलापुर पल्ली डेवलपमेंट क्लब के बीच हुआ. रविवार को असम-मिजोरम सीमा पर लायलापुर क्लब मैदान में उद्घाटन मैच की पूर्व संध्या पर 26 जुलाई को असम-मिजोरम सीमा विवाद में मारे गए 6 असम पुलिस



अधिकारियों की याद में मौन का क्षण मनाया गया। बाद में राष्ट्रगान बजाकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया।लायलापुर ग्रामीण विकास क्लब ने पेनल्टी किक पर 1 - 0 से जीत हासिल की क्योंकि खेल पहले मैच में समान रूप से मेल खाता था और किसी भी टीम द्वारा कोई गोल नहीं किया गया था। चन्नीघाट गांव पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि दिलीप कुमार राय, लायलापुर पुलिस चौकी प्रभारी नचां शीयाम, प्रख्यात समाजसेवी बिबाश आचार्य, शिक्षक जलाल उद्दीन लस्कर, मैनुल हक चौधरी मेमोरियल क्लब के सचिव अबुल हुसैन मजूमदार, ग्रामीण विकास क्लब के पूर्व अध्यक्ष नजीब उपस्थित थे. उद्घाटन समारोह में उद्दीन लस्कर, क्लब के अध्यक्ष आमिर हुसैन लस्कर, सचिव हुसैन लस्कर, कोषाध्यक्ष इस्माइल हुसैन लस्कर, महासचिव विवेकानंद दास आदि मौजूद थे.

इस दिन फुटबॉल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में उपस्थित अतिथियों को क्लब द्वारा तौलिये से सम्मानित किया गया. ग्रामीण विकास क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का अगला मैच रविवार 31 जुलाई को होगा।

### आयकर विभाग ने पहली बार विख्यात कार्डियक सर्जन प्रोफेसर डाक्टर राकेश वर्मा को सम्मानित कर रचा नया इतिहास

*- आयकर विभाग ने इसके पहले आजतक नहीं किया किसी सरकारी डाक्टर को सम्मानित , कार्डियक सर्जन प्रोफेसर राकेश वर्मा आयकर विभाग द्वारा सम्मानित देश के पहले डाक्टर*

*- आयकर दिवस पर सांस्कृतिक सह सुविधा कार्यक्रम के भव्य आयोजन में मुख्य आयकर आयुक्त द्वारा सम्मानित किये गये सैकड़ों लोगों को नया जीवन दान देने वाले हृदय रोग संस्थान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर राकेश वर्मा इसके पहले भी अनेक राष्ट्रीय पुरस्कारों से हो चुके सम्मानित*

सुनील बाजपेई कानपुर। यहां आयकर विभाग ने 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सांस्कृतिक सह सुविधा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। मर्चेंट चैंबर्स ऑडिटोरियम में आयकर दिवस की पूर्व संध्या पर 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में इस सांस्कृतिक सह सुविधा कार्यक्रम के भव्य आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि पीआर मुख्य आयकर आयुक्त उत्तर प्रदेश पश्चिम और उत्तराखंड शिशिर झा द्वारा जाने-माने विशेषज्ञ और सुविख्यात कार्डियक सर्जन हृदय रोग संस्थान में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर राकेश वर्मा को सम्मानित भी किया गया।

यहां के आयकर विभाग द्वारा 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव के तहत



आयोजित इस कार्यक्रम में ऐतिहासिक रूप से यह पहला मौका रहा , जब कार्डियोलॉजी जैसे सरकारी संस्थान में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर राकेश वर्मा को आयकर जैसे विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

आयकर दिवस की पूर्व संध्या पर 75 वें आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में आयोजित सह सुविधा कार्यक्रम में सम्मानित कानपुर कार्डियोलाजी में 1997 से अब तक के सेवाकाल में आज तक एक भी दिन का अवकाश नहीं लेने वाले, मरीजों को देखने के लिए रात में भी राउंड खुद लगाने वाले, कानपुर कार्डियोलॉजी को राष्ट्रीय स्तर की ख्याति दिलाने वाले, विभिन्न हृदय रोगों से संबंधित हृदय ,फेफड़ा, धमनियों का सफल ऑपरेशन कर 24 हजार से ज्यादा लोगों की जान बचाने वाले, प्रतिवर्ष कम से कम 70000 हृदय रोगियों को देखकर अपनी संतोषजनक का लाभ पहुंचाने का भी रिकार्ड बनाने वाले हृदय शल्य चिकित्सा क्षेत्र के अभूतपूर्व महारथी विख्यात कार्डियक सर्जन प्रोफेसर डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा इसके पहले भी राष्ट्रीय स्तर के अनगिनत पुरस्कारों, प्रशस्ति प्रमाण पत्रों से सम्मानित किए जाने के साथ ही सन 2004 में भारत सरकार द्वारा भी सराहना की सर्वोच्च शब्दावली वाली सर्टिफिकेट से भी नवाजे जा चुके हैं। हाल में ही उन्हें उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। इस मौके पर आयकर के सभी अधिकारी , कर्मचारी व अन्य प्रतिष्ठित लोग भी मौजूद रहे।

### अवैध खाद भंडारण पर लिल्हारे कृषि केंद्र पर छापा, एफआईआर दर्ज

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट। जिले के खैरलांजी तहसील के भौरगढ़ में लिल्हारे कृषि केंद्र में महाराष्ट्र के तुमसर से सिंगल सुपर फास्फेट और डीएपी के नाम पर अवैध आर्गेनिक खाद का भंडारण किया गया था। जिसकी सूचना मिलते ही कृषि विभाग के अमले द्वारा कठोर कार्यवाही की जाकर खाद की जब्ती कर, संबंधित दुकान का रासायनिक उर्वरक विक्रय



का लायसेंस निरस्त कर पंकज लिल्हारे के विरुद्ध खैरलांजी पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। उप संचालक कृषि राजेश खोब्रागढ़े ने बताया कि विभाग द्वारा की गई इस कार्यवाही में 100 बैग सिंगल सुपर फास्फेट , 150 बैग ओर्गानिक डीएपी प्राप्त हुआ जिसे विक्रय के लिए प्रतिबंधित किया गया है। एफआईआर की कार्यवाही जिले के उप संचालक कृषि, निरीक्षक सुनील बागड़े, हरिश्चन्द डहरिया, आर पी मर्सकोले व मनोज पटले द्वारा कार्यवही की गई। इस कार्यवाही में उप संचालक कृषि द्वारा किसानों को जानकारी दी गई कि किसान भाई दुकानों से मानक खाद ही खरीदे और उसका पक्का बिल अवश्य लें। अधिक दर में यदि कोई विक्रेता खाद बेचता है तो कृषि विभाग में शिकायत कर सकते है। निजी खाद विक्रेताओं से भी अपील की गई है कि मानक खाद, अनुमति प्राप्त खाद का ही विक्रय निर्धारित दर पर ही किसानों को बेचे।

### बीजेपी किसान मोर्चा की फाड़ी फ्लैक्स बोर्ड,कार्यवाही के लिए सौंपा ज्ञापन

दैनिक समाज जागरण बहजोई । भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र यादव के साथ संगठन के लोगों ने महा शिव रात्रि और रक्षा बंधन के उपलक्ष में सभी क्षेत्र वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दिए जाने की फ्लेक्सी लगाई गई थी जिसे कुछ असामाजिक तत्वों ने फाड़ दिया जिससे बीजेपी किसान मोर्चा के लोगों में काफी आक्रोश देखने को मिला । बीजेपी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दर्जनों कार्यकताओं के साथ कलेक्ट्रेट पर पहुंच कर फ्लेक्सी फाड़ने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉक्टर प्रदीप कुमार के लिए ज्ञापन सौंपा ।और फेल्क्सी फाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की । ज्ञापन सौंपने वालों में बनवारी पाल,अमित राघव, गौरव राघव,शान अली,अरुण गूजर,गुलजार अंसारी,आदि लोग उपस्थित थे।

### रामनाथपुर पुलिस ने दो बलात्कारियों को गिरफ्तार किया है. बलात्कारियों को तीन दिन के रिमांड पर लिया गया।

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरणः

रामनाथपुर पुलिस ने दो बलात्कारियों को गिरफ्तार किया। इस मौके पर आज संवाददाता सम्मेलन में हाईलाकान्दी के पुलिस अधीक्षक गौरव उपाध्याय ने बताया कि रामनाथपुर थाना अंतर्गत कांचीरयाला गांव में दो युवकों ने 15 जुलाई को 13 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया. उसके बाद रामनाथपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया. पीड़ित परिवार की ओर से। पुलिस ने आईपीसी की धारा संख्या 46/22 के



तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक गौरव उपाध्याय ने यह भी बताया कि उनके आदेश पर रामनाथपुर थाने के ओसी शांतनु दास ने गिरोह की सूचना पाकर बुधवार रात 12 बजे कांचीयाला गांव में छापेमारी कर सालाम उद्दीन मजूमदार (20) और अबुल हुसैन लश्कर को गिरफ्तार कर लिया. (19)। पुलिस ने आज आरोपी दो बलात्कारी युवकों को हैलाकांडी के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया. इस बीच रामनाथपुर थाना के ओसी शांतनु दास ने बताया कि रामनाथपुर पुलिस ने युवकों से दुष्कर्म करने वाले आरोपियों को उच्च न्यायालय की अनुमति से जांच के उद्देश्य से तीन दिन के रिमांड पर लिया है. पुलिस के इस सफलता पर हैलाकांडी जिले के गणमान्य लोगों ने पुलिस प्रशासन को बधाई दी है।

### आलगापुर पुलिस ने जिला प्रशासन कार्यालय के कर्मचारी होने का दिखावा कर बाढ़ प्रभावित लोगों से अवैध रूप से पैसा वसूल करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया.

असम संवाददाता दैनिक समाज जागरण :

आलगापुर पुलिस ने जिला प्रशासन कार्यालय का कर्मचारी बताकर बाढ़ प्रभावित लोगों से अवैध रूप से पैसा वसूल करने वाले दो जालसाजों को गिरफ्तार किया. घटना की जानकारी के अनुसार अलगापुर थाना के ओसी इंस्पेक्टर मृणाल कुमार दास के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गोपनीय सूचना के आधार पर दो जालसाजों को गिरफ्तार किया. अलगापुर थाना के ओसी इंस्पेक्टर मृणाल कुमार दास ने आज एक संदेश में कहा कि वे अलगापुर विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला आयुक्त कार्यालय के फर्जी पहचान पत्र अपने गले में लटकाकर बाढ़ के लिए सरकारी धन दिलाने के झूठे वादे के साथ गए थे. कुल दस परिवारों से मुआवजा



71 हजार टका . से ओसी इंस्पेक्टर दासबाबू ने यह भी बताया कि गिरफ्तार जालसाजों के पास से पुलिस ने फर्जी पहचान पत्र समेत कई दस्तावेज जब्त किए हैं. उन्होंने यह भी बताया कि गिरफ्तार किए गए जालसाजों में से एक बड़ाईलाकांडी ब्लॉक के हबीबुर रहमान (28) और रंगुयाटी ब्लॉक के अब्दुल शुकुर चौधरी (29) हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों जालसाजों को आज हैलाकांडी के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया। ओसी इंस्पेक्टर मृणाल कुमार दास ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों को जांच के उद्देश्य से माननीय न्यायालय की अनुमति से तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है. पुलिस जांच जारी रखे हुए है। उन्होंने कहा कि इस सिंडिकेट में शामिल अन्य राघव बोआल जल्द ही पुलिस के जाल में फंस जाएंगे. इस फर्जीवाड़े की घटना ने आलगापुर सहित हैलाकांडी में सनसनी फैला हुआ है ।

### सुपर रेडीमेड व जनरल स्टोर के मालिक से फोन पर 10 लाख रुपए की मांगी फिरौती

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया मामला दर्ज

बरवाला, 24 जुलाई : बसाऊ मार्केट के सामने स्थित सुपर रेडीमेड व जनरल स्टोर दुकान के मालिक सुपिंदर गिरधर से फोन पर दस लाख रुपए की फिरौती मांगी गई है। सूचना पाते ही थाना प्रभारी राजकुमार ने मौके पर पहुंचकर दुकानदार से इस घटना के बारे में जानकारी जुटाई और जांच-पड़ताल आरंभ कर दी। इसके अलावा नगरपालिका चेयरमैन रमेश बैटरी वाला भी मौके पर पहुंचे और दुकान मालिक से इस घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस को इस घटना की शिकायत कर दी गई है। दुकान के मालिक सुपिंदर गिरधर ने बताया कि रविवार प्रातः 11 बजे फोन आया कि भाई साहब आप सुपिदंर बोल रहे हो। पूरी बात सुने बिना आप फोन मत काटना। आप के फायदे के लिए बात है। मैं नीरज बवाना तिहाड़ जेल से बोल रहा हूं। आपके पास 10 पेटी के लिए फोन आया है। आज शाम तक 10 पेटी चाहिए नहीं तो इतना कहते ही फोन कट हो गया। दुकान मालिक ने फोन के माध्यम से 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करके तुरंत प्रभाव से गिरफ्तार किए जाने की मांग की है।

क्या कहते हैं थाना प्रभारी :- जब इस बारे थाना प्रभारी राजकुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पुलिस ने दुकान मालिक सुपिदंर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

### कावड़ यात्रियों की सुविधा एवं समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से कंट्रोल रूम की हुई स्थापना

देव मणि शुक्ल ब्यूरो प्रभारी नोएडा जिलाधिकारी सुहास एलवाई ने सर्वसाधारण का आह्वान करते हुए उन्हें जानकारी दी है कि श्रावण शिवरात्रि के पर्व 26.07.2022 एवं कावड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए कावड़ यात्रियों की सुविधा एवं समस्याओं के निस्तारण के उद्देश्य से जनपद गौतम बुद्ध नगर में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसका हेल्पलाइन नंबर 01202560044 है। उन्होंने बताया कि उक्त कंट्रोल रूम दिनांक 24.07.22 से दिनांक 26.07.22 ( जलाभिषेक समाप्त होने) तक 247 क्रियाशील रहेगा। जनपद गौतमबुद्धनगर के कावड़ यात्री एवं जनपद गौतमबुद्धनगर से होकर किसी अन्य गंतव्य स्थल तक जाने वाले कावड़ यात्री किसी भी समस्या के समाधान एवं जानकारी के लिए दिए गए हेल्पलाइन नंबर पर सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

### गर्भवती महिला को सांप ने डसा, जिला चिकित्सालय रेफर

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बिरसा/बालाघाट।बारिश के मौसम में जहरीले जंतुओं का खतरा कुछ ज्यादा ही रहता है।ऐसा ही एक मामला मलाजखंड थाना क्षेत्र के ग्राम लहंगाकन्हार के सोनटोला का है, जहां रहने वाली एक गर्भवती महिला सर्पदंश का शिकार हो गई। बताया गया कि महिला मंगलीबाई पति लक्ष्मण सिंह मरकाम उम्र 25 वर्ष जमीन पर बिस्तर व मच्छरदानी लगाकर सो रही थी, तभी उसे किसी जहरीले सांप ने डस दिया। बताया गया कि मंगलीबाई अपने पति के साथ खेती-किसानी करती थी। उसके दो लड़के और एक लड़की है। हाल में मंगलीबाई 7 माह की गर्भवती है। महिला को बिरसा अस्पताल लाया गया, जहां से प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर किया गया।

**दूसरा मामला ग्रामीण थाना क्षेत्र के ग्राम भमोड़ी से आया है, जहां 22 वर्षीय युवती कविता पिता पांडुरंग को जहरीले सांप ने डस लिया।**

जानकारी के अनुसार कविता घरेलू काम करती है। बताया गया कि रात कविता अपने घर की बाड़ी में लघु शंका के लिए गई थी, तभी उसके बाएं घुटने में सांप ने डस लिया। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।बारिश के मौसम में जमीन पर न सोए व घर के आसपास साफ सफाई रखने से ऐसे हादसों से बचा जा सकता है।

# अमेठी पहुंची स्मृति ईरानी

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

अमेठी राज महल पहुंचकर राज्यमंत्री के परिवार को व्यक्त किया शोक संवेदना, विवादित पोस्टर भी गए थे लगाए केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी आज एक दिवसीय दौरे पर अमेठी पहुंची हैं। वो तिलोई विधानसभा में राजमहल पहुंची, यहां राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह और उनके परिवार के लोगो से मिलकर उन्होंने शोक संवेदना प्रकट किया। राज्यमंत्री के भाई अभिषेक शरण सिंह के चित्र पर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



**बूस्टर डोज शिविर का किया उदघाट्न**

बता दें कि भाजपा कार्यकताओं ने अमेठी में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। अल्पसंख्यक मंत्रालय का प्रभार मिलने के बाद स्मृति ईरानी का यह पहला अमेठी दौरा है। स्मृति ईरानी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद में बूस्टर डोज शिविर का शुभारंभ किया और जन आरोग्य मेले में लगाए गए स्टालों का जायजा लिया। उन्होंने शिविर में 48 हजार लोगों को बूस्टर डोज लाने का लक्ष्य रखा है अब तक एक हजार लोगों को बूस्टर डोज लगाया जा चुका है।

**पहुंचने से पहले हुआ पोस्टवार**

आज उनके अमेठी पहुंचने से पहले पोस्टर वार शुरू हो गया है। अमेठी बस स्टेशन पर कुछ लोगों ने उनकी बेटी के गोवा में कथित गैरकानूनी बार को लेकर पोस्टर लगा दिए। जिस पर स्मृति ईरानी को लेकर आपत्तिजनक बातें लिखी हुई हैं और उनसे इस्तीफे की मांग की गई है। जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई और सभी पोस्टर हटवा दिए गए हैं।

# घर से स्कूल को निकलीं तीन छात्राएं लापता, रिपोर्ट दर्ज

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ःझकुंडा कोतवाली के आममऊ और बरई की दो छात्राएं सहेली हैं। वे कृपालु बालिका इंटर कॉलेज कुंडा में कक्षा 8 में पढ़ती हैं। शनिवार सुबह दोनों साइकिल से स्कूल के लिए निकलीं लेकिन शाम को घर नहीं लौटीं। परिजन उनकी तलाश करने लगे। स्कूल जाने के बाद पता चला कि वे दोनों वहां पहुंची ही नहीं थीं। परिजनों ने सभी संभावित स्थानों पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। देरशाम दोनों के परिजनों ने कोतवाली पहुंचकर अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी। दो छात्राओं के एक साथ गायब होने से पुलिस वाले भी परेशान हो उठे और तलाश शुरू की। कोतवाल प्रदीप कुमार ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। रास्ते के सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

## फल फूल रहा है धर्मांतरण का खेल

समाज जागरण विश्व नाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़।। कुंडा में धर्मांतरण का खेल खूब फल फूल रहा है। ईसाई धर्म के मिशनरी के द्वारा गरीब दलित परिवार को कर रहे हैं टार्गेट। ईलाज झाड़ फूंक व आर्थिक मदद के बहाने से धर्म परिवर्तन किया जा रहा है।प्रत्येक रविवार को इनका प्रोग्राम चिन्हित क्षेत्रों में संपन्न किया जाता है। मामला आज कोतवाली कुंडा क्षेत्र के ग्राम सभा विदासिन में धर्मांतरण का खेल ईसाई धर्म के मिशनरियों के द्वारा किया गया। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक के खंड कार्यवाह सौरभ, विश्व हिंदू परिषद सुभाष मिश्रा, अजय साहू, शुभम सोनकर, राकेश पटेल, अर्श मो सिद्दीकी, के द्वारा डायल ११२ को बुलाकर ईसाई धर्म के मिशनरियों के धर्म परिवर्तन के खेल को बंद करवाया गया।

## *परिजनों की डांट से आहत होकर युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, गंभीर हाल में रेफर*

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ःझमानिकपुर थाना क्षेत्र के अल्लौपुर बुखारी गांव निवासी रंजीत कुमार (18) पुत्र श्यामलाल को परिजनों ने शनिवार की सुबह किसी बात को लेकर डांट दिया। जिससे नाराज रंजीत ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर में ही उसकी हालत बिगड़ने लगी तो घबराए परिजन उसे इलाज को सीएचसी लाए। प्राथमिक उपचार के बाद भी उसकी हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

## *सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ गरजा बुल्डोजर।*

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

महेशगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहोरिकपुर के राजस्व गांव बलीपुर में दबंगो ने सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया था

सरकारी जमीन पर कब्जा करके गांव के शंकरलाल,बड़ेलाल आदि ने पिलर और नींव भरकर कर लिया था निर्माण। करीब नौ बिस्वा पर स्थाई और अस्थाई रूप से किया था कब्जा। क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा कई बार मना करने के बाद भी नही मान रहें थें दबंग तो थाने में आयोजित समाधान दिवस में ग्रामीण अवधेश यादव ने की पूरे मामलें की नायब तहसीलदार से शिकायत। नायब तहसीलदार रवि प्रकाश सिंह और एसओ अनिल पांडेय की अगुवाई में बुल्डोजर लेकर पहुँची राजस्व और पुलिस टीम ने अतिक्रमण को हटवाकर सरकारी जमीन को कराया दबंगो से अतिक्रमण मुक्त।

राजस्व और पुलिस टीम की कार्यवाही से इलाके में मचा हड़कम्प।

राजस्व निरीक्षक सतीश श्रीवास्तव, लेखपाल प्रतीक गुप्ता, एसआई महेंद्र सिंह सहित राजस्व और पुलिस टीम रही मौके पर मौजूद।

## बलात्कर आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

जगदीशपुर--- मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे बालक के साथ शिक्षक ने अप्राकृतिक बलात्कर के आरोपी को पुलिस ने पकड़कर जेल भेजकर आगे की कार्यवाही शुरू की है

कोतवाली क्षेत्र के रानीगंज में एक मदरसे में शिक्षा ग्रहण कर रहे एक छात्र से शिक्षक तनवीर रजा निवासी रानीगंज ने जबरन अप्राकृतिक सम्बन्ध बनाया जिसकी सूचना भुक्तभोगी ने थाने पर दी थी जिसकी धर पकड़ के लिए प्रभारी निरीक्षक अरूण कुमार द्विवेदी मय हमराह द्वारा तलाश वांछित व देखभाल में अभियुक्त मो0 तनवीर रजा पुत्र खुर्शीद अहमद नि0 रानीगंज थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को जगदीशपुर कमरौली बार्डर मोड़ से शाम को गिरफ्तार कर जेल भेजा है ।

## राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में दो बच्चे चयनित

समाज जागरण प्रमोद साहू बिहार प्रतापगढ़ःझराष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में कुंडा के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। छात्रवृत्ति के लिए दो बच्चों का चयन किया गया है। अब उन्हें चार वर्ष तक प्रति माह एक हजार रुपये मिलेंगे।कुंडा के उच्च प्राथमिक विद्यालय महरुपुर में पढ़ने वाली कक्षा आठ की छात्रा मधु सरोज पुत्री राम बहादुर और अमन मौर्या पुत्र राजेश कुमार मौर्या ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में हिस्सा लिया था। परीक्षा 2021-22 के परिणाम में ये दोनों बच्चे सफल रहे। इंचार्ज प्रधानाध्यापक राम मिलन मौर्या ने छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी।प्रधानाध्यापक ने बताया कि चयनित बच्चों को कक्षा नौ से 12 तक एक हजार रुपये प्रतिमाह की छात्रवृत्ति सरकार से मिलेगी। इस मौके पर शिक्षक करुणेश प्रसाद, लाल चंद यादव आदि मौजूद रहे

# आशनाई मे युवक ने की आत्महत्या

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़।। थाना मानिकपुर क्षेत्र लालाबाजार मे पश्चिम बंगाल से आकर रह रहे चिकित्सक गोविंद विश्वास के परिचित व्यवहारिक शंकर लाल विश्वास के पुत्र समोरेस उम्र १८ वर्ष पिछ्ले एक वर्ष से रहता है। जिसको चिकित्सक गोविंद विश्वास अपने भाई कि तरह मानते हैं और उसका देखभाल करते तथा बंगाली चिकित्सा का गुण सिखाया करते है। मामला आज सुबह मृतक समोरेस उम्र १८ वर्ष पुत्र शंकर लाल विश्वास किसी से फोन पर बात किया। फोन पर हुयी बात से क्षुब्ध होकर ज्यादा नींद की गोलिया खा लिया शरीर शिथिल होने पर डाक्टर विश्वास ने ग्लूकोज चढ़ाया और मृतक के पिता शंकर लाल विश्वास को बुलाया गया। शंकर लाल विश्वास बंगाली मिष्ठान कि दुकान कुशेमर चौराहा थाना कुंडा मे करते हैं। मृतक के पिता पहुंचे और काफी देर तक रहे मृतक समोरेस कि हालत ठीक हो जाने पर मृतक समोरेस ने कहा कि पापा आप जाइये अब मै ठीक हूँ। शंकर लाल विश्वास कुशेमर अपने दुकान लौट गये। मृतक समोरेस ने दोपहर मे पुनः फांसी लगाकर आत्महत्या किया जिसको आनन फानन मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र संग्रामगढ़ लाया गया चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

परिजनों ने बताया कि इसके पूर्व मे भी मृतक समोरेस ने आत्महत्या करने की कोशिश किया गया। नवयुवक के आत्महत्या से परिजनों मे कोहराम मच गया रो रो कर बुरा हाल हो रहा है। मृतक के पिता के और उनके भाईयो कि सहमति पर मृतक समोरेस को अंतिम संस्कार के लिए राज घाट कालाकांकर ले जाया गया।

पुलिस से किसी भी प्रकार से शिकायत नही किया गया और पोस्टमार्टम के लिए राजी नही थे।

# पत्रकारों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र बनाने की मांग

### भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ पूरे प्रदेश में चलाएगा हस्ताक्षर अभियान --- डा,भगवान प्रसाद उपाध्याय

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी प्रतापगढ़

देशभर के मान्य संपादकों, पत्रकारों और पत्रकार संगठनों के हितों की रक्षा के लिए कटिबद्ध भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने उत्तर प्रदेश में पत्रकारों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र बनाने की मांग की है ।महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र एवं राष्ट्रीय संयोजक डॉक्टर भगवान प्रसाद उपाध्याय ने संयुक्त रूप से जारी एक विज्ञप्ति में कहा है कि जिस प्रकार प्रदेश में स्नातक निर्वाचन क्षेत्र और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के तहत विधान परिषद सदस्य मनोनीत होते हैं उसी प्रकार पत्रकारों के लिए भी अलग निर्वाचन क्षेत्र बनाया जाना चाहिए जिसमें पत्रकार ही प्रत्याशी हों और पत्रकार ही मतदाता हों ।इस तरह की व्यवस्था शासन प्रशासन दोनों के लिए हितकारी होगी और उनके कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाने में सहायक होगी महासंघ के पदाधिकारी द्वय ने कहा है कि पूरे प्रदेश में कम से कम पांच निर्वाचन क्षेत्र से बनाने चाहिए जिसमें केवल पत्रकार ही प्रत्याशी हों और पत्रकार ही मतदाता बनाये जाएं , इसके लिए परिसीमन करके पूरब पश्चिम उत्तर दक्षिण और मध्य भाग को 5 परिक्षेत्र में विभक्त करके शासन को इस पर गंभीरता से पत्रकार निर्वाचन क्षेत्र बनाने की पहल करनी चाहिए इससे आमजन को भी तो लाभ मिलेगा ही साथ ही पत्रकारों की अनेक समस्याओं का समाधान होगा और पत्रकार हितों की रक्षा के लिए उपरोक्त क्षेत्रों के चयनित माननीय विधायक गण पूरी निष्ठा व ईमानदारी से काम कर सकेंगे । लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ की मान्यता की परिकल्पना भी इस कदम से पूरी की जा सकेगी । भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के उपरोक्त पदाधिकारी द्वय ने कहा है कि संगठन समय-समय पर पत्रकार हितों के दृष्टिगत अनेक मांगों को उठाता रहा है और प्रदेश भर में विभिन्न टुकड़ों में बंटे पत्रकारों को एक मंच पर लाने का पुरजोर प्रयास करता रहा है । निकट भविष्य में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ इस संदर्भ में एक राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित करने जा रहा है और इस विषय को पुरजोर तरीके से शासन प्रशासन और जनमानस के पटल पर रखेगा

# पुलिस ने की मानवता की मिसाल

### दुर्घटना में घायल युवक के पिता को लौटाए कीमती कागजातों सहित नगद ₹38000

अखिलेश सिंह ब्युरो हरदोई /अनूप त्रिवेदी

हरदोई ।22 जुलाई की रात बिलहरी गांव में बोलेरो की टक्कर से अतुल दुबे पुत्र अशोक दुबे निवासी कोरिगांवा थाना मझिला जो पानबाहर कंपनी में एरिया मैनेजर के पद पर कार्यरत थे, जो हरदोई से अपनी मोटरसाइकिल से



गांव जा रहे थे तभी थाना क्षेत्र के बिलहरी गांव के पास बोलेरो से दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे जिससे उनके काफी चोटें आई थी मौके पर तत्काल घायल को पिहानी सीएचसी भिजवाया था मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई थी जिसको पुलिस ने सक्रियता से हटवाया उसके बाद थाना प्रभारी को घायल की बाइक से ₹3000 व ₹35000 के पान बहार कंपनी के कूपन बैंक ऑफ बड़ौदा की पासबुक व अन्य जरूरी कागजात मिले थे पुलिस ने उन्हें अपने पास रख लिया था जैसे ही घायल के पिता रविवार को मोटरसाइकिल की सूचना लेने व जानकारी करने संबंधित थाना पहुंचे तो थाना प्रभारी ने तत्काल मानवता की मिसाल पेश करते हुए बरामद उपरोक्त पैसों सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज पीड़ित के पिता को सौंपी तो पीड़ित के पिता के आंखों में आंसू आ गए और उसने जी भरकर थाना प्रभारी वह स्थानीय पुलिस को दुआएं दी थाना प्रभारी इस सराहनीय कार्य क्षेत्र में जिसने भी सुना उसने जी भर कर दुआएं दी और सराहना की एक बार फिर पुलिस ने यह साबित कर दिया आपके साथ हर समय हर सुख दुख में खड़ी है बस देखने का नजरिया होना चाहिए।

## राजघाट से गंगा जल लेकर आ रहे श्रद्धालु कांवड़ियों के पैरों में छाले पड़े

### *मरहम लगा रही पिहानी पुलिस*

दैनिक समाज जागरण

हरदोई।पुलिस के कई चेहरे हमारे सामने आते रहते हैं। जहां हमेशा ही उनके रिश्वत लेने, कार्रवाई न करने आदि की शिकायतें आम रहती हैं। मनमानी



कार्यशैली व खराब व्यवहार के कारण पुलिस अक्सर विवादों में रहती है।हमेशा पुलिस आरोपों के घेरे में रही है, लेकिन महकमे में कुछ पुलिसकर्मी ऐसे भी है जिनके कारण विभाग की अच्छी छवि बनती है। ऐसे ही मानवता पेश करने वाली नजीर पिहानी पुलिस ने पेश की है।

कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ,जहानीखेड़ा चौकी इंचार्ज विनोद कुमार शर्मा, राजेश कुमार, अभिषेक त्यागी, दीपक आदि पुलिसकर्मियों ने मंसूर नगर तिराहा से लेकर जहानीखेड़ा सहादत नगर ,डर्रा ,बरबर मोड़ तक कावड़ यात्रियों को जलपान कराया व पैरों में छाले पड़ने पर मरहम लगाकर पट्टी बांधी। इस सराहनीय कार्य को देखकर कावड़ यात्रियों मे पुलिस के लिए अच्छी छवि प्रस्तुति हुई। कोतवाल बेनी माधव त्रिपाठी ने जगह-जगह गाड़ी रोककर कावड़ यात्रियों से हालचाल पूछा जलपान कराया व जिन लोगों के पैरों में छाले पड़ गए थे उनके पैरों की ड्रेसिंग भी करवाई।

# मंत्री ने पीएम सम्मान निधि योजना, पीएम फसल बीमा योजना

### *पीएम कुसुम योजना के किसानों को स्वीकृत पत्र/प्रमाण पत्र वितरित किए*

दैनिक समाज जागरण /अखिलेश सिंह ब्यूरो हरदोई

हरदोई।स्वावलंबी भारत अभियान उद्यमिता विकास सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका परिषद बारात घर में किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतन्त्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया। कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक व जैविक खेती उत्पाद प्रदर्शिनी भी लगाई गई जिसका अवलोकन कर मंत्री श्री अग्रवाल ने किसानों का उत्साहवर्धन किया उन्हे शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होने पीएम सम्मान निधि योजना, पीएम फसल बीमा योजना, पीएम कुसुम योजना के किसानों को स्वीकृत पत्र/प्रमाण पत्र वितरित किए। उर्द



बीज और अरहर बीज के निशुल्क मिनिकिट बीज वितरण किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश प्रदेश की खुश हाली और तरक्की के लिए सरकार किसानों, नौजवानों के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। कोई भी बैंक से विभिन्न योजनाओं में ऋण प्राप्त कर रोजगार व्यापार कर सकता है। उन्होंने कहा कि जनपद में अहिरोरी विकास खंड में कृषि विभाग द्वारा कृषक उत्पादक संघ बनाकर जैविक खेती से आम, पपीता, शहद, अरहर दाल, काला गेंहू, काला नमक चावल, मणिपुर ब्लैक राइस का उत्पादन किया जा रहा है जो अत्यन्त सराहनीय कार्य है। जनपद के किसान प्रदेश, देश और विदेशों मे भी स्वदेशी जैविक उत्पाद भेजकर अपनी आर्थिक उन्नति कर रहे हैं वही दूसरी ओर जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उप कृषि निदेशक को जनपद के अधिक से अधिक किसानों को कृषक उत्पादक संघ से जोड़कर अभिनव कार्य बृहद स्तर पर करने को कहा। उप कृषि निदेशक ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि किसान भाई 31 जुलाई तक केवाईसी जरूर करा लें जिससे उन्हें पीएम किसान योजना में लाभ मिलता रहे। मंत्री द्वारा नौजवान उद्यमियों को प्रमाण पत्र वितरित कर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उप निदेशक कृषि डॉ नन्द किशोर, मनोज कुमार मिश्र, प्रेम चन्द्र शुक्ला, सियाराम शर्मा सहित बड़ी संख्या में कृषक व युवा उद्यमी उपस्थित रहे।

# कंधों पर कावड़, पैरों में छाले, फिर भी भोले भोले

जैसे-जैसे सावन की शिवरात्रि नजदीक आती जा रही है शिवभक्त कांवड़ियों के कदमताल बढ़ते जा रहे हैं। शिवभक्तों के पैरों में छाले पड़े हैं, कंधे पर कांवड़ लिए हुए हैं, फिर भी बम बम भोले के जयकारों के साथ शिवालयों की ओर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। बढ़ते कांवड़ियों की संख्या से कसबा शिवमय हो रहा है। राजघाट से गंगाजल लेकर शिवभक्त कांवड़िये तेजी से अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे हैं। दिन में उमस भरी गर्मी होने के कारण कांवड़ियों की संख्या कुछ कम रहती है लेकिन सुबह-शाम व रात में यह संख्या काफी बढ़ जाती हैं। हाइवे पर कांवड़ियों की लाइनें नहीं टूट पा रही है। नेशनल हाइवे पर पूरी तरह कांवड़ियों का कब्जा हो गया है। हर तरफ बोल बम बोल बम, हर हर महादेव के जयकारे गुंजायमान हैं। पूरा क्षेत्र शिवमय हो रही है। हर कोई भगवान शंकर की खुमारी में डूबा है। शिवभक्त एक से बढ़कर एक सुंदर झांकी युक्त कांवड़ लेकर आ रहे हैं। डीजे पर भोले के भजनों पर कांवड़िये नृत्य करते हुए चल रहे हैं। झांकी युक्त कांवड़ लोगों का आकर्षण बनी हैं। शाम के समय बड़ी संख्या में शहर के लोग झांकी युक्त कांवड़ को देखने के लिए मेन सड़क पर पहुंच जाते हैं। जहानीखेड़ा पर कांवड़ियों का अनूठा संगम देखने को मिलता है।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के उद्देश्य उप श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर की अध्यक्षता में एम0एस0एम0ई0 एसोसिएशन एवं एन0ई0ए0 संगठन के साथ वृहद बैठक संपन्न।

सहायक श्रम आयुक्त कृते उप श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर सुभाष चन्द्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक पूरे प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप श्रम आयुक्त गौतमबुद्धनगर धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा दिनांक 22.07.2022 को एम0एस0एम0ई0 एसोसिएशन एवं दिनांक 23.07.2022 को एन0ई0ए0 संगठन के साथ वृहद बैठक की गई।

उन्होंने बताया कि बैठक में उपस्थित सेवायोजक संगठन के पदाधिकारियों से उप श्रम आयुक्त द्वारा अपील की गई कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के लिए संगठन से जुड़े समस्त प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों को प्रतिष्ठान स्तर पर तिरंगा फहराये जाने का कार्यक्रम आयोजित करने का अनुरोध किया जाए एवं श्रमिकों को श्रम विभाग द्वारा जारी विभिन्न हितकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जाये। उप श्रम आयुक्त द्वारा यह भी अपील की गई कि सेवायोजक संगठन अपने सभी सदस्यों/पदाधिकारियों को इस के लिए निर्देशित करें कि उनके अधीनस्थ प्रतिष्ठान स्वामी अपने प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को तिरंगा झण्डा फहराये जाने के लिए जागरूकता के माध्यम से प्रेरित करें साथ ही प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों को इस के लिए भी जागरूक किया जाए कि वह अपने घरों एवं घरों के आस-पास के आवासीय क्षेत्र में तिरंगा झण्डा फहराये, जिससे आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रम को वृहद स्तर पर सफल बनाया जा सके। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# केले की खेती को लेकर मीटिंग हुई संपन्न

समाज जागरण मनोज यादव ब्यूरो अमेठी

खबर यूपी के अमेठी से है जहां संग्रामपुर ब्लॉक कंसापुर गांव में उन्नतिशील किसान शैलेंद्र प्रताप सिंह के यहां बाहर से आए कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के साथ केले की खेती को कैसे और उन्नतिशील बनाएं, के बारे में एक गोष्ठी की गई। गोष्ठी में कृषि विज्ञानिक निखिल चौधरी ने नई तकनीक से केले की खेती करने लिए नए अत्याधुनिक कृषि यंत्र से खेती करने पर उससे होने वाले लाभ व उसमे लगने वाले रोग से बचाव के उपायों को बताया।



कृषि वैज्ञानिक निखिल चौधरी ने बताया कि पूरे देश में केले के उत्पादन मे 23 प्रतिशत केला महाराष्ट्र का जलगांव अकेले उत्पादन करता है । उन्होंने बताया कि नयी तकनीक से आज जलगांव का केले की खेती मे एक स्थान बना है इस संगोष्ठी में प्लान्ट कृषी तंत्र के द्वारा किसानों की दुगना आय कराने के लिए वैज्ञानिक ने नयी तकनीकी के गुण बताये जिसमें कितनी खाद और कब कब देनी है, आदि की जानकारी इस संगोष्ठी के माध्यम से दी गई । संगोष्ठी मे कृषि वैज्ञानिक गिरीश पाटिल, डा0 दिलीप चौधरी, रसायन अनुसंधान प्रमुख के पी एस सेगर, आई सी ए आर के केला के प्रमुख वैज्ञानिक डा0 सी 0 डी0 बड़गूजर और केला उत्पादन करने वाले पचास किसान शामिल रहे। वैज्ञानिक निखिल चौधरी ने कंसापुर निवासी अग्रणी व उन्नतशील किसान यशकेंद्र सिंह व उनके पिता शैलेंद्र प्रताप सिंह के तारीफ करते हुए कहा कि क्षेत्र के वे पहले किसान हैं जिन्होंने केले की खेती को कुछ बीघे ने शुरू किया और आज देखते देखते कई बीघे में खेती कर पूरे जिले में अपना नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने आए हुए किसानों से कहा कि किसी भी प्रकार जानकारी लेने के लिए शैलेंद्र सिंह से या हम लोगों से संपर्क कर अपनी खेती को उन्नतशील बनाए।

## जन सेवा केन्द्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से बनवाये आयुष्मान कार्ड

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

अमेठी सहायक श्रमायुक्त गोविन्द यादव ने बताया कि श्रम विभाग के अन्तर्गत उ0 प्र० भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा बोर्ड में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के लिए साचीज के माध्यम से प्रधानमंत्री जन आयोग एवं मुख्यमंत्री जन आयोग्य योजना लागू की गई है उन्होंने बताया कि उक्त योजना का अपेक्षित लाभ पंजीकृत कामगारों को नहीं प्राप्त हो पा रहा है। जिनका मुख्य कारण श्रमिकों का आयुष्मान गोल्डन कार्ड न होना है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि 25 जुलाई 2022 से 14 अगस्त 2022 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा जिसमें बोर्ड कार्यालय लखनऊ से जनपद वार आयुष्मान कार्ड बनाये जाने के लिये पात्र श्रमिकों को सूची उपलब्ध कराई गई है। जनपद अमेठी में कुल 29579 पात्र ओ ० बी० सी० श्रमिकों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाया जाना है जनपद स्तर पर समस्त सी ० एस ० सी ० एवं राशन वितरण से सम्बधित कोटेदारों एवं आरोग्य मित्र आदि के माध्यम से योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाया जायेगा उन्होंने बताया कि श्रमिक आयुष्मान कार्ड बनवाने हेतु अपन आधार, अपना राशन कार्ड , व मोबाइल नम्बर अपने साथ लेकर जाये श्रमिकों का लाख रुपये तक इलाज की सुविधा मिलेगी जनपद में पंजीकृत 108837 श्रमिकों में से बोर्ड कार्यालय में29579 श्रमिकों का गोल्डन कार्ड बनाये जाने हेतु डाटा भेजा गया है इस सम्बंध में उन्होंने बनाया कि श्रमिकों की सूची सी ० एस० सी० मैनेजर स्वास्थ्य विभाग जिला आपूर्ति विभाग खण्ड विकास अधिकारियों व पंचायतीराज विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी जिसके माध्यम से श्रमिको आधार कार्ड , राशन कार्ड , श्रमिक पंजीयन कार्ड व मोबाइल के साथ उपस्थित होकर अपना आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनवा सकते है




# नवनिर्मित बारात घर का विधायक ने किया लोकार्पण

दैनिक समाज जागरण अखिलेश सिंह ब्यूरो /अंकित त्रिवेदी

हरदोई।थाना क्षेत्र के पुरेला में क्षेत्रीय गोपामऊ से भाजपा विधायक श्याम प्रकाश ने नवनिर्मित बारात घर का फीता काट कर लोकार्पण किया। विधायक ने कहा कि आज हर गांव में बारात घर की बड़ी आवश्यता है और इसके लिए सरकार लगातार प्रयासरत है सरकार की मंशा है कि हर गांव में बारात




घर जल्द से जल्द स्थापित हो इसके लिए बड़ी जोरों से कार्य भी चल रहे हैं साथ ही विधायक ने कहा की आज पूरे ला और दरियाई पुरवा 2 गांव की समस्या इस बारात घर बनने से दूर हो गई है क्योंकि दोनों गांव के बीचो बीच या बारात घर का निर्माण हुआ है साथ ही कहा कि इस बारात घर को सहेजने का कार्य आप सभी ग्रामीणों का है सभी लोग इसकी देखभाल करेंगे। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मंसूर नगर विनोद द्विवेदी की क्षेत्रीय विधायक ने विकास कार्यों को लेकर जमकर सराहना की उन्होंने कहा इस बारात घर बनवाने का श्रेय सबसे ज्यादा विनोद द्विवेदी जी का है और उनके द्वारा कराए जा रहे ग्राम सभा में विकास कार्यों की जमकर सराहना की इस दौरान भाजपा



विधायक श्याम प्रकाश ने जमकर विपक्षियों पर निशाना साधा और भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार और केंद्र में मोदी सरकार द्वारा जो भी योजनाएं चलाई जा रही वह योजनाएं आज निम्न वर्ग अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंची है । इस मौके पर टडियावा ब्लाक प्रमुख रवि प्रकाश, विधायक प्रतिनिधि धर्मेश मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि अनुपम मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद द्विवेदी, मनोज शुक्ला, अनुराग शुक्ला, राजपाल, रामसुतन पाल, आनंद अवस्थी, राम भूषण, अवस्थी बृजभूषण, रविंद्र कुमार, हरिनाम यादव आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

# चोरों ने किया दुकान पर हाथ साफ,व्यापारियों में फैला खोफ

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण

धामपुर । स्योहारा। कांवड़ यात्रा के दौरान नगर व क्षेत्र में चल रही चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था को ताक पर रखते हुए बेखौफ चोरों ने बीती रात ठाकुरद्वारा मार्ग स्थित एक किराने की दुकान पर हाथ साफ करते हुए चोरी कर ली,जिसकी जानकारी देते हुए दुकान स्वामी जुनेद ने बताया की ठाकुरद्वारा मार्ग पर उसकी एक किराने की दुकान है जहां आज सुबह वो गया तो पता चला



उसकी दुकान के पिछले शटर को तोड़कर अज्ञात चोर उसकी दुकान से नकदी सहित सामान पर हाथ साफ कर गए हैं जिसकी सूचना जुनेद ने पुलिस को दी तो मौके पर पहुंचे कस्बा इंचार्ज मान चंद ने मौके का मुआइना करते हुए,चोरों को शीघ्र ही पकड़ने का आश्वासन दिया है, जबकि दूसरी तरफ हर रोज आलाधिकारियों के दोरो व कांवड यात्रा को लेकर सतर्क पुलिस व्यवस्था के बीच चोरी हों जाने के बाद अन्य व्यापारियों में खोफ का माहोल बना हुआ है।

# चोरी की चार बाइक संग दो चोर चढ़े,बैरिया पुलिस के हत्थे

ब्यूरो रिपोर्ट, शशिकांत ओझा, बलिया दैनिक समाज जागरण

बलिया : पुलिस अधीक्षक और अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के क्रम में बैरिया पुलिस को एक सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने दो बाइक चोरों को पकड़ा है। उनके पास से चोरी की चार बाइक जप्त हुई है। प्रभारी निरीक्षक बैरिया के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्तों को



एक अदद नाजायज तमंचा, एक अदद जिन्दा कारतूस और चोरी की चार अदद मोटर साईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। है। सूचना के मुताबिक चोर जिन्न बाबा तिराहा चाँद दियर में चेकिंग के दौरान गिरफ्तार हुए। पकड़े गए चोरों में रोहित सिह पुत्र ध्वजाधारी सिह सा0 तालिबपुर थाना बैरिया व रोहित तुरहा पुत्र छितेश्वर तुरहा सा0 कोटवा थाना बैरिया रहे। दोनों चोरों का नाम एक ही रहा। एक के पास तमंचा और एक के पास 6200 नगद कैश मिला। उक्त अभियुक्तों की निशान देही पर कोटवा सोलर एजेन्सी के पास झाडियों से चार अदद चोरी की मोटर साइकिल बरामद की गयी।

# स्वयंभू शिवलिंग अचल श्रद्धा के प्रतीक - धनेश्वरनाथ शिव मंदिर

दैनिक समाज जागरण, बलिया।

रतसर , जिला मुख्यालय से 17 किमी दूर बलिया- सिकन्दरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग से तीन किमी पश्चिम पचखोरा- रतसर मार्ग के बीच धनौती गांव स्थित धनेश्वरनाथ शिव मन्दिर ऐतिहासिकता व पौराणिकता को समेटे हुए जन आस्था का प्रमुख केन्द्र है। जहां लोग सच्चे मन से जो भी कामना करते है, उसकी मनोकामना बाबा धनेश्वरनाथ



की कृपा से अवश्य पूरी हो जाती है। सावन महीने में बड़ी संख्या में भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। बाबा धनेश्वरनाथ स्वयंभू शिवलिंग है। प्राचीन मान्यता के अनुसार पहले यह क्षेत्र जंगल से आच्छादित था। चरवाहे अपने पशुओं को लेकर आया करते थे। इसी बीच एक दिन एक चरवाहा पेड़ के नीचे विश्राम कर रहा था। उसे भूख लगी थी। अचानक उसके सामने भोजन की थाली प्रकट हो गई। चरवाहा अचंभित हो गया और इधर-उधर नजर दौड़ाई तो देखा कि भोजन की थाली के निकट आधा धंसा शिवलिंग है। चरवाहे ने गांव वालों को पूरा वृतांत बताया। तबसे लोग इस स्थान पर शिवलिंग का पूजन करने लगे। इस मन्दिर में रोजाना प्रवचन कार्यक्रम होता है। श्रद्धालु यहां बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने आते है।

## जो चले गए इस दुनिया से

जो चले गए इस दुनिया से अब लौट नहीं वो आएंगे
मन व्यथित मेरा है की उनका ऋण कैसे अब हम चुकायेगे

लाया मुझे इस दुनिया में हम उन्ही का अंश कहायेंगे
इतना वात्सल्य दिया मुझको की भुला नहीं हम पाएंगे
जो चले गए इस दुनिया से अब लौट नहीं वो आएंगे
जीवन में सब कुछ मिला उन्हीं से हम उनके आभारी हैं
शामिल हो गए पूर्वजों में यहीं पर दुनिया हारी है
जीवन अर्थ समझ नहीं पाए विधाता की रचना सारी है
वह कौन सा दुर्गम स्थल है जहां पहुंच न पाए ज्ञानी है
जो चले गए इस दुनिया से अब लौट नहीं वो आएंगे
जो कल थे वो आज नहीं जो आज है वो कल नहीं
नजर नहीं अब आते जिनके बिना गुजरे एक पल नहीं
सृष्टि का नियम निरंतर चलता क्यों सबको आभास नहीं
जिस जगह गए वह बिन बोले आया अब तक संदेश नहीं
जो चले गए इस दुनिया से अब लौट नहीं वो आएंगे
फरियाद कर रहे हम उनसे जिनके ऋणी इस जीवन में
कृतज्ञ भाव बना रहे विभूतियों के सम्मान में
सदा रहे अभिमान उन्हीं पर रहते जो स्मृतियों में
नमन करूं मैं शीश झुका कर पुण्य आत्माओं की याद में
जो चले गए इस दुनिया से अब लौट नहीं वो आएंगे
गूढ पहेली सी उलझी पर तुमको समझ ना पाई हूं
नजरें भटक रही आसमां तक पर तुमको ढूंढ ना पाई हूं
कहां हो गए लुप्त प्राय तुम व्यथा नहीं कह पाई हूं
उसे देश का क्या नाम है जहां मैं तुम्हें ढूंढ ना पाई हू
जो चले गए इस दुनिया से अब लौट नहीं वो आएंगे

सीमा त्रिपाठी
लालगंज प्रतापगढ़



# आंगनवाड़ी पर राशन वितरण में धांधली का आरोप

विनोद कुमार दैनिक समाज जागरण सिकंदरपुर तहसील क्षेत्र के लेतहरा गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा राशन बांटने में लापरवाही तथा हीला हवाली करने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार गांव की महिलाओं ने आंगनबाड़ी रेखा सिंह पर आरोप लगाया है कि वह समय से राशन का वितरण नहीं करती है। हर माह में राशन नहीं बांटा जाता है। वहीं किसी किसी को ही राशन बांट कर खानापूर्ति करके चली जाती हैं। इस दौरान शिकायत करने पर डांट डपट देती हैं। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीने से उक्त आंगनबाड़ी का चार्ज यहां पर किसी और के पास था लेकिन ऊपरी मिलीभगत के चलते



रेखा सिंह द्वारा इस गांव में वितरण का कार्य किया जाता है। वहीं महिलाओं ने कहा कि इसकी शिकायत कई बार प्रधान से भी किया गया पर केवल आश्वासन ही मिला है। गांव की कुसुमावती देवी, बसंती देवी, सीमा देवी, आश देवी सहित दर्जनों की संख्या में ग्रामीण महिलाओं ने आरोप लगाया कि उनके गांव में वर्तमान में राशन वितरण में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा हिला हवाली किया जा रहा है। उनका कहना है कि पहले चार्ज आशा यादव का था। उधके चार्ज में

# सानिया गजल ने सीबीएसई की 12 वीं की परीक्षा में 80 , 2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

फारूक अंसारी दैनिक समाज जागरण धामपुर। ग्राम मिलक जहांगीराबाद पृथ्वीपुर बनवारी निवासी मोहम्मद असलूब की बिटिया सानिया गजल ने सीबीएसई कक्षा 12 वीं 80 , 2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने स्कूल सारंग कान्वेंट का नाम रोशन किया साथ ही अपने मां बाप के सपनों को साकार किया । सानिया गजल कहती हैं की इस सफलता पर उसके परिवार और रिश्तेदारों में खुशी का माहौल है पढ़ाई के मामले में सानिया गजल हमेशा एक्टिव रही है जबकि एक छोटे से गांव में पली-बढ़ी है लेकिन पढ़ाई के मामले में वह आगे बढ़ना चाहती हैं। उन्होंने कहा है कि अपनी सफलता के लिए अपने मम्मी पापा और भाई बहन रिश्तेदारों और स्कूल के अध्यापकगण को श्रेय दिया है। सानिया गजल ने कहा है कि महान लक्ष्य के रास्ते पर सिर्फ खुद पर भरोसा रखें क्योंकि आपसे बेहतर उस पर चलना कोई नहीं जानता उन्होंने



कहा है कि दिल लगाकर पढ़ें तभी आगे निकल पाएंगे हमें आईएएस पीसीएस डॉक्टर बनना है और अपने देश की खिदमत करनी है उन्होंने अपने स्कूल के जूनियर क्लास के सभी साथियों का शुक्रिया अदा किया । सानिया काजल को पत्रकारों ने भी बधाई दी उनके उज्जवल भविष्य की कामना की

## पेप्सी से भरे ट्रक की ट्रैक्टर से टक्कर ट्रैक्टर चालक ट्राली छोड़कर मौके से फरार

दैनिक समाज जागरण गवां/संभल । गवां संभल रोड उधरनपुर भट्टे के पास पेप्सी से भरा ट्रक और यूकेलिप्टस की कुट्टी से भरा ट्रैक्टर ट्राली की आपस में टक्कर होने से दोनों पलट गए जिसमे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर चालक ट्राली छोड़कर और ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। ट्रक चालक पेप्सी से भरे ट्रक को लेकर उत्तराखंड से यूपी के नोएडा जा रहा था। घटना की सूचना पर चौकी इंचार्ज गवां अजय कुमार धामा और थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत कर ट्रक से



बाहर निकाला। ट्रक चालक को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा भेज दिया।

# परिवार के इकलौते सहारा बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में हुई मौत

दैनिक समाज जागरण
विजेंद्र सिंह रजपुरा

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव हिरोनी निवासी युवक भीकम पुत्र राजवीर (30) रविवार को मोटरसाइकिल से सैतुआ गया था। गांव सैतुआ के नजदीक स्कूल के पास किशोरी कविता पुत्री त्रिलोक सिंह सड़क पार रही थी तभी बाइक सवार युवक किशोरी से टकराकर सड़क पर गिर गया। जिससे रोड पर सिर लगने से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाइक की टक्कर लगने से घायल हुई किशोरी को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती करा दिया गया जहां डॉक्टर ने उसे खतरे से बाहर बताया है। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक युवक वृद्ध मां बाप का इकलौता ही सहारा था। मृतक युवक की दो पत्नी है दोनों पत्नियों पर



छोटे-छोटे 4 बच्चे हैं जिनमें एक बेटी था तीन बेटे हैं। मृतक पूरे परिवार का अकेला ही सहारा था जो अब नहीं रहा। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थाना रजपुरा पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**अगर बाइक सवार युवक हेलमेट लगाए होता तो जान बच सकती थी- स्थानीय लोग।**

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत से हर कोई दुखी था परंतु दबी जबान से स्थानीय लोग यह भी कह रहे थे कि अगर बाइक सवार युवक भीकम हेलमेट लगाए होता तो जान बच सकती थी। ऐसी दर्दनाक घटनाओं से बाइक चलाने वालों को सबक लेना चाहिए जिससे दुर्घटना होने से बच सकें। दैनिक समाज जागरण आप सभी से अपील करता है की परिवार के प्रति जिम्मेदार बनते हुए सभी बाइक चलाने वाले लोग हेलमेट जरूर लगाएं।

# युवक ने राज्य अनुसूचित जाति आयोग से की शिकायत

**वार्ड बॉय पर लगाया डेढ़ लाख रुपए लेने का आरोप वार्ड बॉय ने क्लीनिक सीज करने की दी थी धमकी, प्रार्थी ने अपनी जान को खतरा बताकर एसपी को दिया प्रार्थना पत्र**

दैनिक समाज जागरण बहजोई/संभल। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव में एक वार्ड बॉय द्वारा एक क्लीनिक स्वामी को क्लीनिक सीज करने की धमकी देते हुए डेढ़ लाख रुपए लेने का आरोप लगाया है। युवक ने इसकी शिकायत राज्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग लखनऊ से की है।

बता दें कि कैलादेवी थाना क्षेत्र के सैंडा उर्फ सहरा निवासी पवन कुमार पुत्र छत्रपाल सिंह ने राज्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग को पत्र लिखते हुए बताया है कि उसी के जान पहचान का क्लीनिक गांव सलारपुर कलां में है। युवक ने आरोप लगाया है। कि पवांसा विकासखंड में तैनात वार्ड बॉय एक माह पूर्व थाना क्षेत्र के सलारपुर कलां गांव में एक क्लीनिक पर आया और उसे क्लीनिक पर ताला लगाने की धमकी देते हुए पांच लाख रुपए की मांग करने लगा। क्लीनिक मालिक ने कुछ समय बाद उसे डेढ़ लाख रुपए कहीं से करके दे दिए। अधिक रुपए न होने की बात कही तो वार्ड बॉय ने क्लीनिक स्वामी के साथ गाली-गलौज करने लगा। और उसने जबर्दस्ती क्लीनिक पर ताला डाल दिया। युवक ने आरोप लगाते हुए बताया है कि वार्ड बॉय द्वारा मोहम्मदपुर टांडा में एक क्लीनिक पर बीते 20 जुलाई को क्लीनिक सीज करने की धमकी देते हुए दो लाख रुपए ले लिए थे। उसने बताया है कि यह क्षेत्र से प्रत्येक झोलाछाप के यहाँ जाकर रुपए ऐंठता है और क्लीनिक सीज करने की धमकी देता है। युवक ने बताया कि बीते 23 जुलाई की रात्रि करीब 8 बजे बार्ड बॉय ने मेरे पास कॉल की। किसी कारणवश कॉल रिसीव न करने की वजह से उसने वापस किया तो बार्ड बार्य ने फोन उठाते हुए गाली गलौज करते हुए गाड़ी से मेरा एक्सीडेंट करा कर जान से मारने की धमकी दी,तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। उसके बाद किसी दूसरे नंबर से कॉल आई, जिस पर उसने अपना नाम बदलकर बताया और उसके द्वारा भी मुझे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी गई। युवक ने राज्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग को शिकायती पत्र देते हुए बताया है कि उपरोक्त दोनों व्यक्ति डॉक्टरों की मिलीभगत से क्षेत्र में क्लिनिकों पर पहुंच कर सीज करने की धमकी देते हुए रुपए ऐंठते हैं। युवक ने इसकी शिकायत कई बार ट्विटर के जरिए भी अलग-अलग अधिकारियों से की है। जहां रविवार को उसके द्वारा राज्य अनुसूचित जाति जनजाति आयोग लखनऊ तक भी शिकायत की गई है।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले के अंतर्गत लगाए गए स्वास्थ्य केंद्रों पर एंटी किट द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

दैनिक समाज जागरण संभल । संभल जिले में 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं चार नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत मेले में 49 चिकित्सकों तथा 136 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा कुल 2701 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसके अंतर्गत 992 पुरुष तथा 1222 महिला एवं 487 बच्चों का निशुल्क उपचार किया गया साथ ही 381 व्यक्तियों की एंटीजन टेस्ट किट के द्वारा जांच की गई साथ ही जांच किए गए सभी मरीजों की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 69 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कोरोना वायरस से बचाव हेतु हेल्प डेस्क तथा बुखार एवं खांसी के मरीजों को देखने के लिए अलग से काउंटर बनाकर जिले में आयुष विभाग, आई एम ए, एवं नीमा के चिकित्सकों द्वारा देखभाल की गई। तथा जिसके अंतर्गत मौजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरन्नुम रजा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज कुमार विश्नोई, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार, डॉ विश्वास अग्रवाल, डॉक्टर हरेंद्र सिंह, संजीव कुमार राठौर, मुकेश चंद्र शर्मा, नगरीय स्वास्थ्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मेलों का निरीक्षण किया गया।

# पूर्व विधायक ने सुनी जनता की समस्या

विनोद कुमार दैनिक समाज जागरण सिकंदरपुर, बलिया। पूर्व विधायक व भाजपा नेता संजय यादव ने करमौता स्थित अपने आवास पर जन चौपाल लगाकर जन समस्याओं को सुना। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आधा दर्जन से अधिक लोग अपनी जन समस्याओं को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने अधिक से अधिक समस्याओं का समाधान करा दिया तथा शेष अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित



अधिकारियों को फोन द्वारा निर्देशित किया।पूर्व विधायक ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

# शेरकोट मे शरारती तत्वों द्वारा मजारों मे तोड़ फोड़ करने से पुलिस मे हड़कम्प मच गया। एक आरोपी को किया गिरफतार

फारूक अंसारी
दैनिक समाज जागरण

धामपुर। मिली जानकारी पर पहुँचे एसपी पूर्वी सहित पुलिस बल ने मजारों का जायजा कर लोगों से शांति बनाये रखने की अपील करते हुए मामले का खुलासा कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार होना बताया है।

थाना क्षेत्र के अन्तर्गत थाने से चंद दूरी पर स्थित जलाल शाह व ईदगाह के निकट मजार सहित ग्राम घोषियावाला स्थित भूरे शाह मजार पर आज कुछ शरारती तत्वों ने तीनों मजारों मे घुसकर तोड़ फोड़ कर दी। जबकि जलाल शाह मजार पर शरारती तत्वों ने मजार को पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर उसमे रखी धार्मिक किताबे जला दी। अचानक अलग अलग मजारों पर गये कुछ लोगों ने मजार मे तोड़ फोड़ देखी तो तुरंत पुलिस को सूचना दी। जबकि घोषियावाला निवासी लोगों ने बताया कि मजार मे तोड़फोड कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ कर पुलिस को सोप दिया जबकि दूसरा व्यक्ति मोके



से फरार हो गया है। घटना का पता चलते ही एएसपी पूर्वी ओमवीर सिंह सहित सीओ धामपुर, सीओ अफजलगढ़ सहित भारी पुलिस बल ने पहुँच कर घटना की जानकारी लेते हुए मजारों का मुआयना कर पुलिस को दिशा निर्देश देते हुए कार्यवाही करने के आदेश दिये है। जबकि पुलिस भूरे शाह मजार से पकड़े गये व्यक्ति को अपने साथ थाने ले आयी। उधर पुलिस ने जारी विज्ञप्ति मे बताया की नगर के मोहल्ला कायस्थान निवासी दो सगे भाईयों मोहम्मद कमाल,आदिब पुत्रगण उस्मान द्वारा मजारों को गलत बताते हुए मजारों को खण्डित किया है। जिस मे मोहम्मद कमाल को गिरफ्तार कर लिया है। उसके दूसरे भाई को पकड़मे हेतू तीन टीम गठित कर दी गयी है। जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। घटना स्थल पर सीओ धामपुर इन्दु सिद्धार्थ, अफजलगढ़ सीओ अतुल प्रधान, अफजलगढ़ कोतवाल मनोज कुमार,थाना अध्यक्ष सनोज प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े घर में घुसे चोर कैमरे में हुए कैद

दैनिक समाज जागरण संभल । हजरत नगर गढ़ी के थाना क्षेत्र कस्बा सिरसी में चोरों ने मजदूर के घर में दिनदहाड़े चोरी कर ली शनिवार की दोपहर मोहल्ला शर्की मिठोली रोड जफर अब्बास पुत्र शाहिद हुसैन अपनी बहन के घर मडे में शिरकत के लिए गया हुआ था जाफर अब्बास ने बताया की रविवार को उसके भांजे की शादी है उसी की शादी का सामान खरीदने के लिए मार्केट गये हुऐ। तकरीबन 1:30 बजे दिन में दो चोर बाइक लेकर घर पर पहुंच गए और घर में घुस गए जाफर अब्बास की दो बेटियां छोटी-छोटी अपने घर में सो रही थी चोरों ने घर में घुसकर सैफ में रखी नगदी



निकाल व छप्पर में बंद रही दो बकरियों को भी खोल लिया और बाहर खड़ी बाइक पर बकरियों को बिठाकर वहां से चले गए कुछ ही देर बाद जब जफर अब्बास घर पर पहुंचा तब उसके घर में चोरी को देखकर होश उड़ गए उसने फौरन मोहल्ले वालों को इकट्ठा किया सारे मोहल्ले वाले इखट्टा हो गए बराबर में ही सीसीटीवी कैमरा लगा हुआ था जब उस में देखा गया तब दो चोर बाइक पर आते दिखाई दिए और अंदर जाकर चोरी करके वापस आते दिखाई दिए जाफर अब्बास एक मेहनत मजदूरी करके परिवार को चलाता है काफी गरीब आदमी है उसकी बीवी को अपनी बकरियों का बहुत सदमा है जफर अब्बास ने सिरसी पुलिस चौकी में तहरीर दे दी है पुलिस सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से घटना की जांच कर रही है

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत का 35 वां स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

हेमन्त कुमार चौहान/
दैनिक समाज जागरण

दैनिक समाज जागरण सम्भल। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति भारत का 35 वां स्थापना दिवस समारोह बड़े उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमेंथथ भारतीय युवाओं को स्वावलंबी बनाने और उनकी प्रतिभा को निखारने का संकल्प लिया गया। नगर के महर्षि दयानंद जूनियर हाईस्कूल आर्य समाज मंदिर के सभागार में आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति के 35 वें स्थापना दिवस समारोह की शुरूआत राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, राष्ट्रीय महासचिव कुसुम, राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी, राष्ट्रीय सचिव चिंकी दिवाकर, राष्ट्रीय उपपरीक्षा सचिव मंजू सक्सेना, भारती ठाकुर तथा कु साधना सरगम ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके की। इसके बाद भारती ठाकुर ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर आयोजित सदभावना कवि सम्मेलन की शुरूआत नगर के युवा कवि संदीप कुमार सचेत ने कुछ इस प्रकार की

मैं कलम हूं, अद्भुत अनुपम और विलग हूं।

मै बदलाव का सेतु हूं, मैं क्रांति का हेतु हूं।

इसके बाद मंच पर आये क्रांति के गीतकार प्रदीप कुमार दीप ने कहा

समय जगत में गाता है,जब परिवर्तन का गीत।

भय फैलाने वाले भी तब,दिखते हैं भयभीत। सुनाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वीर रस की उभरती हुई कवित्री दीक्षा चौधरी ने सदभावना के भाव को समर्पित कुछ इस प्रकार कहा



सत्य अहिंसा प्रेम से, भरा हुआ व्यक्तित्व। बन जाता आदर्श है,उसका हर कृतित्व।

मंच का संचालन कर रहे वरिष्ठ साहित्यकार त्यागी अशोका कृष्णम ने कुछ इस प्रकार सामाजिक विसंगतियों पर व्यंग करते हुए कहा

सच को,सच कहते लगे,जिसको सच में लाच।कृष्णम ऐसे हंस से ,अच्छे होते बाज।


इसके अलावा प्रदेश स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में योग्यता सूची के आधार पर प्रदेश में पहला और दूसरा स्थान हासिल करने वाली प्रतिभागी अनम सबा,मेहरीन गुलजार,इरम सबा, सुहाना, आयशा रानी, सुगन्धी व कंचन रानी को मन्जू सक्सेना, साधना सरगम, इकरा इफ्तेखार, सायमा रानी, शाहनवाज सम्बंधी, चन्द्र भान आर्य व परवेज युसूफ ने सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ मन्जेश राठी, डॉ सी पी सिंह, डॉ गिरजेश कैन, डॉ मौ औवेस व रजनी देवल को संस्था की सदस्यता दी गई जबकि समिति की राष्ट्रीय महासचिव कुसुम और राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी को आजीवन सदस्यता प्रदान की गई।

समिति के मंडलाध्यक्ष डॉ राजवीर सिंह (फिजियोथैरेपिस्ट) ने समिति के विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। समिति की राष्ट्रीय महासचिव कुसुम ने संस्था की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। जबकि राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी ने राष्ट्रीय सदभावना कवि सम्मेलन में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने वाले कवि और कवित्रियों की सराहना की। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम ने कहा कि सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताएं बुद्धि विकास की कुंजी है। इनके बिना छात्र एवं छात्राओं का ज्ञान अधूरा है। शाहनवाज सम्भली ने सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति द्वारा किए जा रहे कार्यक्रम की सराहना की।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक व सलाहकार सुशील कुमार भगत जी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समारोह संस्था का 35 वां स्थापना दिवस समारोह पर राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, राष्ट्रीय महासचिव कुसुम, राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी, राष्ट्रीय सचिव चिंकी दिवाकर, राष्ट्रीय उपपरीक्षा सचिव मंजू सक्सेना, भारती ठाकुर, साधना सरगम, इकरा इफ्तेखार, सायमा रानी, शाहनवाज सम्भली, त्यागी अशोका कृष्णम तथा योगेश गौतम ने संयुक्त रूप से केक काटकर स्थापना दिवस समारोह मनाया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम व संचालन त्यागी अशोका कृष्णम ने किया।

# नूरपुर तिराहे के पास डग्गामार बसों पर चला यातायात का चाबुक

दैनिक समाज जागरण गुन्नौर । जनपद संभल के गुन्नौर क्षेत्र के आगरा मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर नूरपुर तिराहे के पास चंदौसी से सवारियों को लेकर आ रही डग्गामार बस का यातायात के पुलिस कर्मी ने बस संचालकों के बस द्वारा यातायात के नियमों को ताक पर रखकर धज्जियां उड़ाने बाले बस चालकों की बसों के काटे चालान। वहीं चालन कटने के बाद डग्गामार बस संचालकों में हड़कंप मच गया वही नसीहत देते हुए बस को छोड़ दिया गया है।



## शिक्षा के बिना समुचित विकास का परिकल्पना करना व्यर्थ

**समाज जागरण मुरारी झा**

समाज का विकास तब ही संभव है जब सभी जनसमुदाय तक शिक्षा का धारा प्रेसित हो। मनीगाछी प्रखंड के राजकीय प्राथमिक विद्यालय राजे,बलौर सरकारी विद्यालय की वर्तमान स्थिति ऐसी है की यहाँ के विद्यालय के कुव्यबस्था को लेकर सैकड़ों बच्चों की भविष्य अंधकार में दिख रहा है।



विद्यालय में 300 से अधिक बच्चों का वर्तमान में नामांकित है लेकिन क्लास रूम अभाव के कारण बच्चे की उपस्थिति बहुत कम रहती है। साथ वर्त्तमान में जो भी भवन है उसकी स्थिति ऐसी है कि आए दिन छत से प्लास्टर नीचे गिर जाता है और अनहोनी का हमेशा भय बना रहता है। शौचालय की स्थिति खराब होने के कारण प्रतिदिन छात्र-छात्राओं को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को लेकर मिथिला स्टूडेंट यूनियन के प्रखंड उपाध्यक्ष राकेश मिश्रा ने एक लिखित आवेदन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के संग जिला शिक्षा पदाधिकारी को सौंपा है। तथा कुव्यबस्था सुधार हेतु मांग की है।

## वार्ड 16 धर्मपुर में एमएसयू ने लगाया निशुल्क स्वास्थ शिविर

**समाज जागरण मुरारी झा**

मिथिला स्टूडेंट यूनियन के द्वारा वार्ड 16 धर्मपुर मोहल्ला में दुर्गा मंदिर के



समीप निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन दरभंगा नगर अध्यक्ष अर्जुन कुमार दास व वार्ड 16 से पार्षद उम्मीदवार शम्भु कुमार दास के नेतृत्व में किया गया जहाँ पर डीएमसीएच के डॉक्टर टीम आकर लगभग 100 लोगो का मुफ्त इलाज किया गया

## बूढ़ेव इनायतपुर के पूर्व मुखिया व मुखिया संघ अध्यक्ष का हुआ गिरफ्तार

**समाज जागरण मुरारी झा**

घनश्यामपुर प्रखंड बूढ़ेव इनायतपुर पंचायत के पूर्व मुखिया व मुखिया संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार ईश्वर को शनिवार के शाम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।



बताया जा रहा है कि वार्ड क्रियान्वयन समिति के गठन में गरबरी तथा सरकारी अभिलेख से अपने निजी आवास में रखने को लेकर उनके विरुद्ध घनश्यामपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।
वही थाना अध्यक्ष प्रमाणनंद लाल कर्ण ने बताया हैं कि मुखिया सुधीर कुमार ईश्वर को पूछताछ के लिए थाना में रखा गया हैं।।

## डीपीएस कुशेश्वर के केशव कनोडिया ने 95 प्रतिशत अंक लाकर प्राप्त किया कुशेश्वर टॉपर होने का गौरव

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

बिरौल-कुशेश्वरस्थान ।जिले के सबसे सुदूर एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल कुशेश्वरस्थान के दसवीं के सभी छात्र छात्राओं ने शत-प्रतिशत सफलता पाकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। निदेशक शमीम हैदर ने छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आसमां को छूने की ख्वाहिश हो,तू कोशिश तो कर चार कदम चलने की फिर देख तेरे पीछे सारा काफिला होगा।कुछ एसा ही कर दिखाया पिता श्री प्रवीण कुमार कनोडिया और माता मनीषा देवी के पुत्र केशव कृष्ण कनोडिया ने।दसवी की परीक्षा में 95%अंक प्राप्त कर केशव कुमार कनोडिया ने विद्यालय का नाम गर्व से ऊंचा कर पुरे कुशेश्वर स्थान में प्रथम स्थान प्राप्त कर एक नया परचम लहराया।साथ ही आने वाले छात्रों के लिए संदेश दिया कि अगर इरादे मजबूत हो तो बड़ी सफलता केवल शहरों का मोहताज नहीं।




## सीबीएसई परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक लाकर नासिर फिरोज ने किया प्रखंड का नाम रोशन।

**समाज जागरण संवाददाता गौनाहा**

गौनाहा / प्रखंड के पारसा गांव निवासी फिरोज आलम के सुपुत्र नासिर फिरोज ने दसवी की सीबीएसई परीक्षा में 94% अंक लाकर नोट्रेडेम पब्लिक स्कूल में सेकंड टॉपर होने के साथ-साथ गौनाहा प्रखंड का नाम रौशन किया है। छात्र के पिता फिरोज आलम ने बताया कि नासिर की शुरूआती नर्सरी क्लास से पांचवी तक की शिक्षा नरकटियागंज के डीएभी पब्लिक स्कूल से हुई वही छठी से दसवी तक कि पढ़ाई नोट्रेडेम स्कूल से करके इस वर्ष दसवीं की परीक्षा में अच्छे अंक लाकर उसने अपने मां बाप का नाम पूरे प्रखंड में रौशन किया है।बताते चलें कि फिरोज आलम के दो पुत्र और तीन पुत्रियां है जो कि एक पुत्र बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई देहरादून और एक बेटा नीट की तैयारी कोटा में कर रहा हैं। वही तीन बेटियां में दो बेटियां बीएड के पढ़ाई कर शिक्षक की तैयारी में लगी हुई है तो एक बेटी बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई पुरी कर ली है।






## डॉ.कलाम की पुण्यतिथि 27 जुलाई को टी.पी. कॉलेज, मधेपुरा में सम्मान समारोह आहुत

**समाज जागरण मधेपुरा।**

मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की 8वीं पुण्यतिथि पर 27 जुलाई (बुधवार) को टी. पी. कॉलेज, मधेपुरा के स्मार्ट क्लास सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।



"जो करेंगे मधेपुरा को गौरवान्वित डॉ. मधेपुरी पूरी करेंगे उन्हें सम्मानित" नामक इस कार्यक्रम में धाविका ललिता सुमन एवं कबड्डी संघ के सचिव अरुण कुमार को सम्मानित किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक टी. एन. बी. ट्रस्ट के सचिव समाजसेवी साहित्यकार डॉ. भूपेंद्र नारायण यादव मधेपुरी ने दी।
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. आर. के. पी. रमण और अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. कैलाश प्रसाद यादव करेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जंतु विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अरुण कुमार एवं विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय के पीआरओ डॉ. सुधांशु शेखर होंगे।
उन्होंने बताया कि पहले यह कार्यक्रम डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम पार्क में होना तय था, परंतु बरसात के कारण स्थान- परिवर्तन किया गया।

## बिरौल इकाई द्वारा आगामी "सदस्यता अभियान", "इकाई पुनर्गठन" तथा "वृक्षारोपण अभियान"

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बिरौल इकाई द्वारा आगामी "सदस्यता अभियान", "इकाई पुनर्गठन" तथा "वृक्षारोपण अभियान" को लेकर बैठक आयोजित किया गया।
बैठक में उपस्थित जिला एसएफडी प्रमुख राघव आचार्य ने परिषद की कार्य पद्धति पर चर्चा करते हुए कहा कि विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन का सदस्य बनना छात्रों के लिए गर्व की बात है जो शिक्षा के क्षेत्र और भविष्य का भारत की ध्येय लेकर युवाओं के बीच राष्ट्रप्रेम व सभ्यता का संवहन करता है। सदस्यता अभियान के तहत हम हर वर्ष छात्रों को ऐसी विचारधारा से जोड़ते हैं जो समाज और शिक्षण संस्थानों में फैले अराजकता के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते है।



प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मिश्रीलाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाने का लक्ष्य लेकर विद्यार्थी परिषद क्षेत्र के विभिन्न गांव-कस्बों में जाकर जल्द ही महाविद्यालय और नगर इकाई का पुनर्गठन करेंगी।
राजन कुमार ने वृक्षारोपण अभियान पर चर्चा करते हुए कहा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण का संरक्षण भी हमारी प्राथमिकताओं में अहम बिंदु होना चाहिए।वृक्षारोपण का यह महाअभियान, पेड़ों की घटती संख्या की समस्या के समाधान की ओर अच्छी और सफल पहल साबित होगी। इस बैठक में राजा सहनी,दीपक झा, अमित राय, गोविंद झा, अभिषेक कमती, शुभम, निरंजन, आदर्श, विपिन, रामसुंदर यादव आदि मौजूद थे।

## गौनाहा अंचल द्वारा सरकारी आदेश का उड़ाई जा रही है धज्जियां - लोजपा

**समाज जागरण संवाददाता गौनाहा**

गौनाहा / स्थानीय अंचल कार्यालय द्वारा सरकारी आदेश को अनदेखी व टालमटोल करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको लेकर लोजपा रामविलास पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो द्वारा रविवार 24 जुलाई को प्रखंड के मटियानी चौक पर कार्यकताओं के साथ एक बैठक की गई। जिसमें मुख्य रूप से प्रखंड सह अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोले जाने की बात कही गई। पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो द्वारा अंचलाधिकारी पर सरकारी आदेश का अवहेलना करते हुए कानून की धज्जियां उड़ाए जाने का आरोप लगाते हुए बताया गया है कि अंचल राजस्व कर्मचारी कभी भी समय से अंचल कार्यालय में उपस्थित नहीं रहते हैं। जिसके चलते लोगों को काफी असुविधा होती है वही अंचल कर्मचारियों द्वारा अपने कंधे को हल्का करने के लिए प्राइवेट अटॉर्नी रखकर उनके भरोसे अंचल के राजस्व कागजात को सौंप दिया जाता है। जिससे सरकारी कागजात की गोपनीयता को बहुत बड़ा खतरा है।




लोजपा अध्यक्ष ने बताया कि गौनाहा अंचल में दाखिल खारिज परमार्जन एलपीसी वंशावली बंदोबस्ती जैसे कामों में आम जनता से अटॉर्नीओ द्वारा भारी-भरकम लूट की जाती है। फिर 6 माह से 1 साल तक इन कामों के लिए लोगों को सालों तक अंचल का चक्कर काटवाने के बाद उनका काम जैसे तैसे किया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि अंचलाधिकारी द्वारा अभिलंब इस विषय बिंदु पर सुधार नहीं किया जाता है तो हमारी पार्टी अंचलाधिकारी द्वारा किए जा रहे लापरवाही के विरोध आंदोलन करने पर बाध्य होगी। इस मौके पर उपस्थित एससी एसटी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नागेंद्र शर्मा, नंदू पासवान, मोहन पासवान, घनश्याम महतो, अमित यादव, मीडिया प्रभारी कृष्णा कुमार, कपूर चंद्र दास, हरेंद्र महतो, लालजी पासवान आदि मौजूद रहे।

## खेसारी लाल से मिलने के लिए छात्र ने स्कूल से भागा दिल्ली परिजन ने कराई थी अपरहण के मामले में एफ आई आर दर्ज.।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

खबर पश्चिमी चंपारण बगहा धनहा से है मामले में छात्र वढ से बरामद, बोला- 'खेसारी लाल से मिलने के लिए घर से दिल्ली गया था'
बगहा के धनहा थाना क्षेत्र का एक नौंवी क्लास का छात्र भोजपुरी के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव से मिलने की चाह में दिल्ली भाग गया और इधर घरवालों ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करा दी। हालांकि इस मामले में एक नाटकीय मोड़ तब आया जब यूपी की पडरौना पुलिस ने उसे बरामद कर उसके परिजनों और धनहा थाना को सूचना दिया
बगहाः बिहार के बगहा में अपहरण के एक मामले का नाटकीय ढंग से अंत हुआ है. छात्र की बरामदगी के बाद अपहरण का मामला फर्जी निकला. असल मे नौंवी क्लास का छात्र अखिलेश यादव भोजपुरी के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव से मिलने की चाह में दिल्ली भाग गया. इसके लिए छात्र ने छात्रवृत्ति यानी प्रोत्साहन राशि के रुपये में मिले 1000 रुपये की राशि का प्रयोग किया. धनहा थाना की पुलिस ने छात्र के बरामदगी के बाद राहत की सांस ली. छात्र को बगहा एसडीपीओ और न्यायालय में पेश करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया.



क्या है मामलाः धनहा थाना के योगीपुर गांव निवासी 9वीं का छात्र अखिलेश यादव 19 जुलाई को घर से स्कूल जाने के लिए निकला था और फिर वापस घर नहीं आया. इसके बाद परिजनों ने धनहा थाना में अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करा दी. परिजन हैरान परेशान थे. वहीं पुलिस भी उसे तलाशने में जुटी थी. इस मामले में नाटकीय मोड़ तब आया जब यूपी पुलिस ने परिजनों को फोन कर उस वक्त जब छात्र के पडरौना में होने की सूचना दी.
ऐसे हुआ खुलासाः जब छात्र से मिलने परिजन पहुंचे तो छात्र ने जो बयान दिया उसके बाद मामले का खुलासा हुआ. छात्र अखिलेश यादव ने बताया मैं अपने फेवरेट सिंगर व एक्टर खेसारी लाल से मिलने दिल्ली भाग गया था. अखिलेश को स्कूल से 1000 रुपये छात्रवृत्ति यानी प्रोत्साहन राशि मिली थी. अपने फेवरेट स्टार से मिलने के लिए उसने इसी पैसे को खर्च किया. वह अपने सपनों को पंख लगाने दिल्ली पहुंच गया था. दिल्ली जाने के बाद जब खेसारी से उसकी मुलाकात नहीं हुई तो थक हार कर अखिलेश यादव अपने घर को वापस लौटा.
घर वापस आने से डर रहा था छात्रः परिजनों के डर से वह घर वापस नहीं आया और पडरौना रेलवे स्टेशन के पास पुलिस से अपने घर फोन करवाया. इसके बाद परिजन वहां मिलने पहुंचे और फिर धनहा थाना की पुलिस उसे अपने साथ ले जाकर बयान के लिए बगहा एसडीपीओ और न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस ने अखिलेश यादव को घर को सौंप दिया.

## बी एन एम यू में 3 अगस्त को आहुत दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि सह अध्यक्ष होंगे महामहिम राज्यपाल

**समाज जागरण भूपेन्द्र नारायण मण्डल विश्वविद्यालय, मधेपुरा**

का चतुर्थ दीक्षांत समारोह 3 अगस्त, 2022 (बुधवार) को पू. 11:50 बजे से दीक्षा स्थल, दक्षिणी परिसर में आयोजित होगा।
जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि दीक्षांत समारोह में महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति फागू चौहान
मुख्य अतिथि-सह-अध्यक्ष होंगे। ऊर्जा और योजना एवं विकास विभाग के मंत्री बिहार सरकार, पटना बिजेन्द्र प्रसाद यादव विशिष्ट अतिथि होंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। शिक्षा और संसदीय कार्य विभाग के मंत्री विजय कुमार चौधरी समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से अतिथियों का स्वागत कुलपति प्रोफेसर राम किशोर प्रसाद रमण और धन्यवाद ज्ञापन प्रतिकुलपति प्रोफेसर आभा सिंह करेंगे। कार्यक्रम का संचालन कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर करेंगे।

**सभी तैयारियां अंतिम चरण में**

जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि दीक्षांत समारोह का आमंत्रण पत्र छपकर आ गया है और उसके वितरण की मुकम्मल व्यवस्था की जा रही है।
उन्होंने बताया कि कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण स्वयं सभी कार्यों की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया है कि आमंत्रण पत्र को सभी अतिथियों के हाथों तक ससमय पहुंचाया जाए। इस बात का विशेष ख्याल रखा जाए कि कोई भी अपेक्षित व्यक्ति का नाम छूटे नहीं।

**बन रहा है भव्य पंडाल**

उन्होंने बताया कि दीक्षा स्थल के मंच पर मधुबनी पेंटिंग बनाने का कार्य लगभग पूरा हो गया है। मंच के आगे भव्य पंडाल बन रहा है, जिसमें लगभग आठ सौ लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। पंडाल में सिटिंग अरेंजमेंट में सोशल डिस्टेंसिंग का ख्याल रखा जाएगा।

**शोभायात्रा में शामिल होंगे राज्यपाल**

उन्होंने बताया गया कि विद्वत शोभा यात्रा दीक्षांत समारोह का मुख्य आकर्षण है। इसमें राज्यपाल सह कुलाधिपति सहित अन्य गणमान्य अतिथि विशेष दीक्षांत परिधान में शामिल होंगे। इसमें कुलसचिव, संकायाध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक, प्रति कुलपति एवं कुलपति राज्यपाल सह कुलाधिपति की अगुवानी करेंगे। अभिषद् एवं विद्वत परिषद् के सभी सदस्य विद्वत शोभा यात्रा में शामिल होंगे। शोभा यात्रा में शामिल सभी अतिथियों एवं सभी प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय द्वारा पीला मालविया पगड़ी, लाल बॉडर वाला विश्वविद्यालय के मोनोग्राम अंकित पीला अंगवस्त्रम उपलब्ध कराया जाएगा।

**खादी वस्त्र को प्राथमिकता**

दीक्षांत समारोह के दौरान खादी वस्त्र को प्राथमिकता दी जाएगी। छात्रों को खादी कपड़े में सफेद (उजला) कुर्ता एवं पजामा या सफेद धोती एवं उजला कुर्ता स्वयं बनाना है। छात्राओं के लिए खादी सलवार (उजला) लेमन येलो कुर्ता या खादी की साड़ी लाल बॉडर के साथ, लाल ब्लाज स्वयं बनवाना है।

**रविवार का अवकाश रद्द**

जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह के आयोजन की तैयारियों के
निमित रविवार को भी विश्वविद्यालय खुला रहा और दीक्षांत से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित किया गया। अगले रविवार (31 जुलाई) के अवकाश को भी रद्द कर दिया गया है। इन दोनों छुट्टियों का समायोजन कालान्तर में इसी कैलेण्डर वर्ष में किया जाएगा।
रविवार को भी विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण, प्रति कुलपति डॉ. आभा सिंह, डएसडब्ल्यू डॉ. पवन कुमार, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक आर. पी. राजेश, निदेशक अकादमिक डॉ. एम. आई. रहमान, विकास पदाधिकारी डॉ. ललन प्रसाद अद्री, परिसंपदा पदाधिकारी डॉ. गजेन्द्र कुमार, शिक्षशास्त्र विभाग के प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. नरेश कुमार, पीआरओ डॉ. सुधांशु शेखर, कुलपति के निजी सहायक शंभु नारायण यादव आदि उपस्थित थे।

## स्थानांतरण को लेकर विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में अधिकारियों का स्थानांतरण एवं योगदान को लेकर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन प्रखंड प्रमुख श्यामा देवी की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान स्थानांतरित बीपीआरओ प्रेम प्रकाश कनीय अभियंता परशुराम साह एव पप्पू पासवान के साथ अन्य कर्मियों को विदाई दी गई।
नऐ बीपीआरओ खगेंद्र मोहन बेनीपुर बीपीआरओ भारती कुमारी के साथ अन्य योगदान करने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों को मिथिला परंपरा पाग चादर से सम्मानित किया गया। प्रमुख श्यामा देवी ने कहीं की इनका कार्यकाल दशार्ता है कि उनके विदाई समारोह में प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित हैं। वीडियो कुमार शैलेंद्र ने कहा इनका कार्यकाल एक टीम वर्क देखने को मिला बेहतर कार्यशैली और विपरीत परिस्थितियों में भी संयम से काम लेने वाले पदाधिकारियों में उनका नाम शुमार रहेगा।मुखिया संघ के अध्यक्ष राम नरेश चौधरी ने कहा इन के द्वारा जो प्रखंड में कार्य किए गए हैं वह काफी सराहनीय रही है। बेदाग छवि और सबसे मिलनसार होने के कारण जनप्रतिनिधियों के साथ कर्मियों के भी साथ मित्रवत संबंध रहा। मुखिया महमूद आलम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में किसी भी समस्या का समाधान बड़े बेहतर ढंग से हुआ है आज तक के कार्यकाल में इनका किसी के साथ किसी भी प्रकार का विभेद या मतभेद नहीं होना दशार्ता है कि अपनी कार्यशैली में कितने निपुण रहे। इस दौरान हस्तांतरित होने वाले बीपीआरओ प्रेम प्रकाश ने कहा प्रखंड में रहते-रहते सभी के साथ एक पारिवारिक संबंध सा हो गया था जो कभी भुलाया नहीं जा सकता। यहां जो प्रेम और सहयोग मिला वह सदैव याद रहेगीमुखिया सरवन कुमार सुरेश सिंह पंसस सागर पासवान संतोष सिंह मो ऐनुल नथुनी ठाकुर पूर्व प्रमुख बलराम सिंह कन्हैया चौधरी सियाराम ठाकुर राजकुमार झा धारों सिंह बोधकृष्ण झा पंचायत सचिव बिपिन झा रामस्वार्थ पासवान के साथ जनप्रतिनिधि एवं उनके प्रतिनिधि कार्यालय कर्मी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## वाहन जांच के दौरान 6 पैकेट नशीला पदार्थ बरामद कार चालक कार छोड़ हुआ फरार।

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

वाहन जांच के दौरान नदी थाना पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी।
पुलिस ने नदी थाना क्षेत्र के नैनहा ढाला चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान
एक कार से 6 पैकेट नशीला पदार्थ बरामद किया है।वही पुलिस को देख कार चालक कारोबारी कार खड़ी कर फरार होने में सफल रहा।कयास लगाया जा रहा है कि पैकेट में गांजा के साथ ब्राउन शुगर या ड्रग्स हो सकता है, जिसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है।
दरअसल पूरा मामला बगहा पुलिस जिले के नदी थाना क्षेत्र की है।जहाँ पुलिस ने नैनहा चेकपोस्ट पर वाहन के क्रम में यूपी की ओर से आ रही एक बलेनो कार को जांच के लिए रोका,पुलिस को देखते ही कार चालक फरार हो गया, जब पुलिस ने कार की जांच किया तो 6 पैकेट नशीला पदार्थ बरामद किया।मौके पर मौजूद नदी थाना प्रभारी प्रभात समीर ने बताया कि एस आई एस के यादव और पुलिस बलों के साथ नैनहा चेकपोस्ट पर वाहन जांच किया जा रहा था उसी क्रम में धनहा की ओर से आ रही एक बलेनो कार को जांच के लिए रोका गया, तभी चालक कारोबारी फरार हो गया,सन्देह के आधार पर जब पुलिस ने जांच किया तो 6 पैकेट नशीला पदार्थ बरामद किया।जिसमें 2 पैकेट गांजा के साथ 4 पैकेट ब्राउन शुगर या ड्रग्स हो सकता है जिसकी जांच में पुलिस जुटी हुई है।थाना प्रभारी ने बताया कि जप्त वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर कारोबारी की पहचान कर कार्यवाई की जा रही है।






## 2 दिन के अंदर पत्रकार का बाइक बरामद नहीं हुआ तो होगा आंदोलन

### कैप्सन. अंग वस्त्र से सम्मानित मनोहर मनोज व अन्य

**समाज जागरण**
**बगहा से नीरज मिश्रा**

नारायणी प्रेस क्लब की बैठक को भैरोगंज मवेशी अस्पताल में संबोधित करते हुए सांसद का चुनाव लड़ चुके सांसद पूर्व प्रत्याशी मनोहर मनोज ने कहा कि पत्रकारों की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तैयार हैं अगर पत्रकारों के साथ कोई भी शुरू होता है तो उसके खिलाफ सबसे पहले मैं आंदोलन करूंगा.
वही जेपी सेनानी रामेश्वर गुप्ता ने कहां की पत्रकारों के दरवाजे से बाइक चोरी होती है और पुलिस घटनास्थल पर 4 दिन के बाद पूछती है. इसको लेकर उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि 2 दिनों के अंदर अगर बाइक बगहा थाना के पुलिस बरामद नहीं करती है. तो इसको लेकर आंदोलन करेंगे. क्योंकि चंपारण की धरती बापू की धरती है जहां से बापू ने सत्ताग्रह आंदोलन शुरू किया था. वही ग्रामीण पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव डॉ अमानूल हक कहा कि पत्रकारों की हक हकूक की लड़ाई हर संभव लड़ा हूं और आगे भी लड़ता रहूंगा. इसके लिए अभियान चलाकर आंदोलन किया जाएगा. ज्ञात हो कि 19 जुलाई 22 को पत्रकार नरेंद्र पांडेय के दरवाजे से बाइक चोरी हो गई थी. पुलिस द्वारा प्राथमिकी तो समय से कर ली गई. लेकिन घटना के 4 दिन बाद जांच करने पुलिस अधिकारी पहुंचे थे. जिसको लेकर पत्रकारों में आक्रोश का माहौल देखा जा रहा है .इस मौके पर नारायणी प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्रा, ठाकुर संजय कुमार द्विवेदी ,अरविंद नाथ तिवारी, चंद्रभान दुबे ,निर्भय कुमार ,जेपी श्रीवास्तव , राजेश यादव, दरवेश खान, अजय कुमार चंदेल, पिंटू कुमार,शम्भू गुप्ता ,मकसुदन , नरेंद्र पांडेय, राजेश बैठा, ओम प्रकाश वर्मा, बादल श्रीवास्तव, आदि शामिल रहें



## टीचर्स ऑफ बिहार के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म कुटुंब ऐप पर 10 लाख से भी अधिक प्रतिष्ठा प्वाइंट प्राप्त कर "चैंपियन ऑफ द कुटुंब ऐप" बने पूर्वी चंपारण जिले के शिक्षक मृत्युंजय ठाकुर।

**समाज जागरण**

मोतिहारी :टीचर्स ऑफ बिहार के भिन्न-भिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से बिहार के लाखों शिक्षक जुड़कर अपने विद्यालय में आयोजित होने वाले नवाचारी गतिविधि को प्रतिदिन साझा करते हैं। ऐसे तो टीचर्स ऑफ बिहार के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से लाखों शिक्षक जुड़े हुए हैं परंतु केवल कुटुंब ऐप से बिहार ही नही भारत के 27 राज्यों के लगभग 60 हजार शिक्षक जुड़े हुए हैं। मात्र साल भर में जिस रफ्तार से शिक्षक कुटुंब ऐप से जुड़े है इससे लगता है कि वह दिन दूर नही जब लाखों शिक्षक इस ऐप से जुड़कर अपनी गतिविधि को पूरे भारत में साझा करेंगे। टीचर्स ऑफ बिहार के कुटुंब ऐप की लोकप्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता कि प्रति महीने लगभग 5 हजार से भी अधिक शिक्षक जुड़ रहे हैं। यह सब कीर्तिमान स्थापित करने में टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश मीडिया संयोजक सह पूर्वी चंपारण जिले के पताही प्रखंड स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय खुटौना यादव टोला के शिक्षक सह प्रदेश मीडिया प्रभारी बिहार प्रदेश प्रारंभिक शिक्षक संघ मृत्युंजय ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।



मृत्युंजय ठाकुर के इस अभूतपूर्व योगदान के लिए टीचर्स ऑफ बिहार के फाउंडर पटना जिले के शिक्षक शिव कुमार एवं कुटुंब ऐप मॉडरेटर मुजफ्फरपुर जिले के मुरौल प्रखण्ड स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय बखरी के शिक्षक केशव कुमार ने पूरी टीम के तरफ से आभार प्रकट करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।
उन्होंने संयुक्त रूप से श्री ठाकुर को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि मृत्युंजय ठाकुर के द्वारा टीचर्स ऑफ बिहार के कुटुंब ऐप पर प्रतिदिन बिहार के सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा अपने विद्यालयों की साझा किए गए उत्कृष्ट शैक्षिक गतिविधि को बिहार ही नहीं बल्कि बिहार सहित भारत के कई राज्यों में प्रतिदिन साझा किया जाता है। इसी का प्रतिफल है कि कुटुंब ऐप से बिहार ही नहीं बल्कि बिहार सहित अन्य 27 राज्य के शिक्षक भी जुड़े हुए हैं। श्री ठाकुर के द्वारा साझा किए गए पोस्ट के कारण ही कुटुंब ऐप के तरफ से इन्हें 10 लाख से भी अधिक प्रतिष्ठा पॉइंट प्रदान किए गए हैं साथ ही अभी तक इनके रेफरल आईडी से सर्वाधिक 3 हजार से भी अधिक शिक्षक इस ऐप से जुड़ चुके हैं। आज बिहार के सरकारी विद्यालयों की गतिविधि अगर कुटुंब ऐप के माध्यम से भारत के कई राज्य तक पहुंच पा रही है तो इसमें मृत्युंजय ठाकुर का ही सर्वाधिक योगदान है। यह जानकारी टीचर्स ऑफ बिहार के प्रदेश प्रवक्ता शिक्षक रंजेश कुमार ने दी।

## चोरी के बाद कटोरा उड़ाने के विवाद में जमकर हुई मारपीट, दोनों पक्षो के आधा दर्जन लोग जख्मी

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-चोरी की घटना बाद कटोरा उड़ा गांव के ही एक व्यक्ति को बदनाम करने के उपरांत दो पक्षो के बीच शनिवार को जमकर मारपीट की घटना घटी। घटना में दोनों पक्षो के आधा दर्जन लोग जख्मी हो गया। सभी जख्मियों की चिकित्सा स्थानीय पीएचसी में करवाई गई। गंभीर रूप से जख्मी तीन लोगों को नवादा रेफर किया गया है। घटना थाना क्षेत्र के कोचगांव पंचायत की झौर गांव की है। ग्रामीण सह ट्रेलर मास्टर विद्या तांती ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही संतोष महतो, पुरषोत्तम महतो, मुन्ना महतो, मनोज प्रसाद तथा भुटाली महतो को नामजद करते हुए कहा है कि ग्रामीण भुटाली महतो के घर पिछले 10 जुलाई की रात चोरी हुई थी। ततपश्चात 19 जुलाई को ओझा बुलवा एवं कटोरा उड़ाकर चोर के रूप में विद्या तांती पहचान की गई। विद्या वारिसलीगंज बाजार में ट्रेलर का काम करता है। गांव में पंचायती के माध्यम से विद्या पर चार लाख जुमार्ना लगाकर 48 घंटे के भीतर जुमार्ना भुगतान करने का तालिवानी फरमान जारी किया गया। इस अनुसूचित समुदाय के लोगो को डराने धमकाने का कार्य किया जा रहा था। रविवार को मामला विस्फोट कर गया। फलतः गांव के दोनों पक्षो के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना में आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। बुरी तरह से जख्मी बीरेंद्र तांती, रामाश्रय तांती तथा चंदन कुमार को नवादा रेफर किया गया।

